रोहतक
मंगलवार, 25 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 29, अंक : 53
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 37.0
न्यून. 13.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | ऊपर |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,984.38 | 1078.87 ▲ |
| निफ्टी | 23,358.35 | 307.95 ▲ |

| धातु | कीमत | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| सोना | 90,550 /- | 700/- ▼ |
| चांदी | 1,00,500/- | 200/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 85.67 | 31 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 72.21/ बैरल | 0.07% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

**आईपीएल में आज**



गुजरात टाइटंस
V/S
पंजाब किंग्स
-: समय :-
7.30 PM
-: स्थान :-
अहमदाबाद

**खबर संक्षेप**

## वर्ष 2022-24 के दौरान रैगिंग से 51 की मौत

**नई दिल्ली।** वर्ष 2020 से 2024 तक विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में रैगिंग के कारण 51 मौत दर्ज की गई हैं। यह आंकड़ा इसी अवधि के दौरान कोचिंग हब कोटा में छात्र आत्महत्याओं के करीब है। सोसाइटी अगेंस्ट वायलेंस इन एजुकेशन द्वारा प्रकाशित 'स्टेट ऑफ रैगिंग इन इंडिया 2022-24' रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। भाषा

## जम्मू-कश्मीर में ब्लास्ट से एक जवान घायल

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ के बग्याल दारा इलाके में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास ब्लास्ट हुआ। इसमें एक जवान घायल हुआ है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने कहा कि सर्चिंग के दौरान सुरक्षाबलों ने एक आतंकी ठिकाने का पता लगाया है। वहां से एके राइफल, ग्रेनेड, आईईडी और नशीले पदार्थों बरामद हुए। इसी दौरान ब्लास्ट हुआ। *एजेंसी*

## वरिष्ठ आईएएस अजय सेठ होंगे नए वित्त सचिव

**नई दिल्ली।** सीनियर ब्यूरोक्रेट अजय सेठ को नया वित्त सचिव नियुक्त किया है। एक आधिकारिक आदेश में ये जानकारी दी गई। कर्नाटक कैडर के 1987 बैच के आईएएस अजय सेठ वर्तमान में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव हैं। कार्मिक मंत्रालय की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अजय सेठ को वित्त सचिव नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। एजेंसी

## आरजी कर में हाईकोर्ट ने केस डायरी मांगी

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिया कि एजेंसी आरजी कर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले की जांच से संबंधित 'केस डायरी' अगली सुनवाई पर पेश करे। अदालत ने पूछा कि क्या केंद्रीय एजेंसी अपनी जांच में सामूहिक दुष्कर्म या सबूतों को नष्ट करने की आशंका पर विचार कर रही है। भाषा

## बेंगलुरु जा रही एआई की फ्लाइट चेन्नई डायवर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली से बेंगलुरु जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट को चेन्नई डायवर्ट किया गया। दावा है कि बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे पर ऑपरेशनल कारणों के चलते ये फैसला लिया गया। एअर इंडिया ने इसकी पुष्टि की है। फ्लाइट सोमवार सुबह 9.55 बजे दिल्ली से रवाना हुई थी। इसे दोपहर 12.50 बजे बेंगलुरु लैंड होना था। भाषा

## एनएचएआई के जीएम समेत पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के जीएम, एक निजी कंपनी के महाप्रबंधक और तीन अन्य लोगों को 15 लाख रुपये की रिश्वतखोरी के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने कहा कि एनएचएआई के आरोपी महाप्रबंधक रामप्रीत पासवान ने एनएचएआई के अनुबंधों/कार्यों से संबंधित बिल की मंजूरी में अनुचित पक्षधरता के लिए 15 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। भाषा

**संसदीय कार्य मंत्रालय ने अधिसूचना जारी की**

**भत्ता भी 2,000 से बढ़ाकर 2,500 रुपये किया गया**


# सांसदों का वेतन 24% बढ़ा, अब हर सांसद को 1.24 लाख मिलेंगे, पूर्व सांसदों की पेंशन भी बढ़ाकर 31000 रुपये हुई

## 5 साल से अधिक सेवा पर हर साल अतिरिक्त पेंशन 2,500 रुपये

**नई दिल्ली (एजेंसी/भाषा)।** केंद्र सरकार ने सोमवार को संसद सदस्यों के वेतन में लागत मुद्रास्फीति सूचकांक के आधार पर 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी की अधिसूचना जारी कर दी है। यह एक अप्रैल, 2023 से प्रभावी होगी। संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मौजूदा सदस्यों के दैनिक भत्ते और पेंशन में भी वृद्धि की गई है। पूर्व सदस्यों के लिए पांच साल से अधिक की सेवा के प्रत्येक वर्ष के लिए अतिरिक्त पेंशन की घोषणा की गई है। अधिसूचना के अनुसार अब संसद सदस्यों को 1.24 लाख रुपये प्रति माह वेतन मिलेगा, जबकि पहले यह राशि एक लाख रुपये थी।

### अब यह मिलेगा

- दैनिक भत्ता 2,000 से 2,500 रुपये किया। पूर्व सांसदों की पेंशन 25,000 से बढ़ाकर 31,000 रुपये प्रति माह।
- पांच साल से अधिक की सेवा पर हर वर्ष अतिरिक्त पेंशन 2,000 से बढ़ाकर 2,500 रुपये प्रति माह कर दी गई है।
- सांसद को अब वेतन के रूप में 1.24 लाख मिलेंगे। निर्वाचन क्षेत्र भत्ता के रूप में 87,000 प्रति माह मिलेंगे, जो पहले 70,000 रुपये था। कार्यालय खर्च के लिए 75,000 मिलेंगे, जबकि पहले यह राशि 60,000 रुपये थी।
- कार्यकाल में एक बार एक लाख का टिकाऊ फर्नीचर और 25,000 का गैर-टिकाऊ फर्नीचर खरीदने का अधिकार।
- पहले, टिकाऊ फर्नीचर के लिए 80,000 और गैर-टिकाऊ फर्नीचर के लिए 20,000 खर्च करने का अधिकार था।




### ये सुविधाएं भी

- हर सांसद एक साल में 34 फ्री हवाई यात्राएं कर सकता है। 8 यात्राओं को सहयोगियों या स्टाफ को दे सकता है।
- रेलवे की सभी क्लास में मुफ्त यात्रा। सड़क यात्रा के लिए 16 प्रति किमी तक का भत्ता दिया जाता है।
- संसद सत्र के दौरान दिल्ली में परिवहन सुविधा प्रदान की जाती है।
- सरकारी गाड़ी, रिसर्च और स्टाफ असिस्टेंट की सुविधा और संसद की कैंटीन में सब्सिडी वाली दरों पर भोजन भी मिलता है।

### 50 हजार यूनिट फ्री बिजली

दिल्ली में मुफ्त सरकारी आवास, सरकारी आवास और ऑफिस के लिए 50,000 यूनिट फ्री बिजली और 4 लाख लीटर मुफ्त पानी की सुविधा छूट मिलती है। लोकसभा सांसदों के लिए 1,50,000 मुफ्त कॉल और राज्यसभा सांसदों के लिए 50,000 मुफ्त कॉल मिलती हैं।

### मेडिकल सुविधाएं

सांसदों को सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में सभी मेडिकल सुविधाएं मुफ्त मिलती हैं। सीजीएचएस अस्पतालों में मुफ्त इलाज होता है। अगर किसी बीमारी का इलाज देश में संभव नहीं, तो सरकार विशेष अनुमति के तहत विदेश में इलाज के लिए खर्च दे सकती है। सांसदों को पद छोड़ने के बाद भी सीजीएचएस के तहत मेडिकल सुविधा मिलती रहती है। पूर्व सांसदों को और उनके जीवनसाथी को भी मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है।

**जज के घर कैश मामला : सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने की पुष्टि**

# जस्टिस यशवंत से न्यायिक कार्य वापस, इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजा

- नकदी बरामदगी मामले में कड़ा एक्शन
- इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन फैसले के विरोध में



### मुझे बदनाम किया जा रहा

*न्यायमूर्ति वर्मा ने नकदी बरामदगी विवाद में अपने ऊपर लगे आरोप सिरे से खारिज किए हैं। उन्होंने कहा है कि उनके या उनके परिवार के किसी भी सदस्य ने उनके आवास के स्टोररूम में कभी कोई नकदी नहीं रखी। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को दिए गए अपने जवाब में न्यायमूर्ति वर्मा ने कहा कि उनके आवास से नकदी बरामद होने का आरोप स्पष्ट रूप से "उन्हें फंसाने और बदनाम करने की साजिश" प्रतीत होता है।*

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से सोमवार को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक न्यायिक कार्य वापस ले लिया। वहीं, प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने जस्टिस वर्मा को उनके पैरेंट कोर्ट (इलाहाबाद हाईकोर्ट) वापस ट्रांसफर की सिफारिश का प्रस्ताव जारी कर। दूसरी तरफ, इलाहाबाद हाईकोर्ट एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के इस फैसले पर आपत्ति जताई है। 23 मार्च को जस्टिस वर्मा से दिल्ली हाईकोर्ट ने कार्यभार वापस ले लिया था। विपक्ष ने भी जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास से कथित तौर पर बड़ी मात्रा में नकदी मिलने की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। कुछ विपक्षी नेताओं ने सुझाव दिया कि न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाया जाना चाहिए। वर्मा उनके सरकारी आवास में लगी आग को बुझाए जाने के दौरान कथित तौर पर 15 करोड़ रुपये मिलने के बाद जांच का सामना कर रहे हैं। उच्च न्यायालय ने न्यायमूर्ति वर्मा से न्यायिक कार्य वापस लिए जाने के संबंध में सोमवार को नोटिस जारी किया है। दूसरी तरफ, उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर उससे दिल्ली पुलिस को अधजले नोटों की गड्डी मिलने के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

### हाईकोर्ट की वेबसाइट पर नोट प्रकाशित

हाईकोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित एक अन्य नोट में कहा गया है कि न्यायमूर्ति वर्मा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ-3 का कोर्ट मास्टर सोमवार से पहले सूचीबद्ध मामलों में तारीखें निर्धारित करेगा। रजिस्ट्रार की ओर से अदालत की वेबसाइट पर जारी नोट में कहा गया है, 'हाल की घटनाओं के मद्देनजर न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से न्यायिक कार्य अगला आदेश जारी किए जाने तक तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया है।'

### हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने जारी किया नोट

दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय के नोटिस के बाद रजिस्ट्रार द्वारा यह नोट जारी किया गया। सीजेआई संजीव खन्ना ने इससे पहले न्यायमूर्ति उपाध्याय से कहा था कि वह दिल्ली हाईकोर्ट के दूसरे सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति वर्मा को कोई न्यायिक कार्य न सौंपें। न्यायमूर्ति वर्मा एक खंडपीठ की अध्यक्षता कर रहे थे, जो बिक्री कर, माल एवं सेवा कर, कंपनी अपील और मूल पक्ष की अन्य अपीलों के मामलों पर विचार कर रही थी। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की खंडपीठ द्वारा संचालित 'रोस्टर' अब न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की खंडपीठ को आवंटित कर दिया गया है। अब खंडपीठ-3 की अध्यक्षता न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह करेंगी।

# आंबेडकर जयंती पर प्रदेश को 2 बड़ी परियोजनाएं देंगे पीएम

**हिसार एयरपोर्ट का करेंगे शुभारंभ महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से 5 शहरों के लिए शुरू होगी हवाई सेवा**

**यमुनानगर के दीनबंधु चौधरी छोटूराम थर्मल पावर प्लांट में 800 मेगावाट की यूनिट का शिलान्यास करेंगे**



**सीएम सैनी बोले, 14 अप्रैल को हरियाणा का दौरा करेंगे पीएम मोदी**

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरियाणा को दौरा करेंगे। इस दौरान वे प्रदेश के लोगों को दो बड़ी परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें यमुनानगर में दीनबंधु चौधरी छोटू राम थर्मल पावर प्लांट में 800 मेगावाट बिजली क्षमता की नई य़ूनिट का शिलान्यास और हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से हवाई सेवाओं की शुरुआत करना शामिल है। मुख्य समारोह हिसार में होगा अथवा यमुनानगर में किया जाएगा, इस बारे में प्रधानमंत्री कार्यालय से सहमति आनी बाकी है। संभावना है कि हिसार में ही मुख्य कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को चंडीगढ़ में पीएम नरेन्द्र मोदी के दौरे की जानकारी दी। भाजपा हर साल 14 अप्रैल को राज्य स्तर पर बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाती है।

### ऐसा है थर्मल प्लांट

- सैनी ने बताया कि 14 अप्रैल को यमुनानगर में जिस विद्युत परियोजना का शिलान्यास पीएम मोदी करेंगे, वह मौजूदा 2×300 मेगावाट संयंत्र के विस्तार का हिस्सा है। इस पावर प्लांट पर 7272 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसे 52 महीने में पूरा किया जाना है। इसके बाद 48 माह में वाणिज्यिक परिचालन शुरू हो सकेगा।
- परियोजना से बिजली उत्पादन के बाद घरेलू ऊर्जा का उत्पादन 3282 मेगावाट हो जाएगा। वर्तमान में हरियाणा के पास 14000 मेगावाट बिजली की उपलब्धता है। इसमें 2582 मेगावाट बिजली का उत्पादन हरियाणा की बिजली कंपनियां कर रही हैं।

### 7200 एकड़ में बन रहा एकीकृत विमानन हब

हिसार में मोदी जिस महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से हवाई सेवाओं की शुरूआत करेंगे, वह एकीकृत विमानन हब 7200 एकड़ में बन रहा है। 4200 एकड़ जमीन में हवाई अड्डे का निर्माण हुआ है, जबकि 3000 एकड़ में समेतिक एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर स्थापित किया जा रहा है। यहां 3000 मीटर की हवाई पट्टी बनकर तैयार है, जिस पर 180 यात्रियों की क्षमता वाली एयर बस का संचालन हो सकेगा। हिसार से अयोध्या, चंडीगढ़, अहमदाबाद, जम्मू और जयपुर के लिए उड़ानें शुरू होंगी। हिसार के हवाई अड्डे के लिए एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया को केंद्र सरकार की ओर से लाइसेंस मिल चुका है।

# कॉमेडियन कुणाल कामरा के वीडियो पर बवाल, केस दर्ज



पुलिस की पूछताछ में बोला, मैं माफी नहीं मांगूंगा
●
पैरोडी में एकनाथ शिंदे पर कॉमेंट करने के आरोप

**मुंबई(एजेंसी)।** सिंगर मासूम शर्मा और अमित रोहतकिया के बाद अब स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के वीडियो पर बवाल मच गया। कामरा के खिलाफ सोमवार को केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने फोन पर उससे पूछताछ की। कामरा ने कहा- मुझे अपने पैरोडी सॉन्ग पर पछतावा नहीं है। मैं माफी नहीं मांगूंगा। अगर कोर्ट ने कहा तो ऐसा कर सकता हूं।' महाराष्ट्र के गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने विधानसभा में कहा-कॉमेडियन की कॉल रिकॉर्डिंग, सीडीआर व बैंक स्टेटमेंट की जांच की जाएगी। दरअसल, 23 मार्च को कामरा का वीडियो सामने आया था, जिसमें वे एक पैरोडी सॉन्ग गा रहे हैं। इसमें महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के खिलाफ टिप्पणी की गई है। इसकी पहली लाइन 'ठाणे की रिक्शा चेहरे पर दाढ़ी, आंखों पर चश्मा हाय... है।' कुणाल ने इसे फिल्म 'दिल तो पागल है' के गाने की धुन पर गाया। शिवसेना (शिंदे) के कार्यकर्ताओं ने इसे एकनाथ शिंदे पर आपत्तिजनक कमेंट माना और यूनीकॉन्टिनेंटल होटल में तोड़फोड़ की। कुल 40 शिवसैनिकों पर केस दर्ज हुआ है।

# शिमला में विमान हादसा टला, यात्री बाल-बाल बचे

**विमान में हिमाचल के डिप्टी सीएम और डीजीपी भी सवार थे**
■
**रनवे से आगे निकला, इमरजेंसी ब्रेक से रुका**

**शिमला (भाषा)।** हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अतुल वर्मा समेत 40 यात्रियों को दिल्ली से शिमला लेकर आ रहा एक विमान जुब्बड़हट्टी हवाई अड्डे पर रनवे से आगे निकल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विमान रनवे को पार कर हवाई पट्टी के किनारे लगे 'स्टड' से टकरा गया। हालांकि, बड़ा हादसा टल गया, घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली। अधिकारियों ने बताया कि विमान ने नियमित जांच के बाद दिल्ली से उड़ान भरी थी। इंजीनियर विमान का निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि पता लगाया जा सके कि कोई तकनीकी गड़बड़ी तो नहीं थी।

# हिरासत में लिए गए 800 किसान रिहा

**पंजाब पुलिस ने कहा, 450 अन्य को छोड़ा जाएगा**
■
**शंभू और खनौरी बॉर्डर खाली कराए जाने के दौरान हिरासत में लिए थे**

**चंडीगढ़ (भाषा)।** पंजाब पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों पर कार्रवाई के कुछ दिन बाद सोमवार को कहा कि उसने हिरासत में लिए गए करीब 800 किसानों को रिहा कर दिया है, जबकि राज्य सरकार के निर्देश पर 450 अन्य किसानों को भी छोड़ा जाएगा। आप सरकार ने शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर किसानों के धरने के कारण उद्योगों एवं आम लोगों के प्रभावित होने का हवाला देते हुए प्रदर्शन स्थलों को खाली कराने का फैसला किया था, जिसके बाद सैकड़ों किसानों को हिरासत में लिया था। पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय) सुखचैन सिंह गिल ने कहा, 'पंजाब सरकार के निर्देश पर किसानों को रिहा किया है।


# 12वीं की अकाउंट्स परीक्षा में कैलकुलेटर पर विचार

**सीबीएसई ने की तैयारी, छात्रों को मिल सकती है कुछ राहत**
■
**दिशा निर्देश तैयार करने के लिए समिति गठित होगी**

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 12वीं कक्षा की अकाउंट्स की परीक्षाओं में लंबी गणनाओं से जुड़े संज्ञानात्मक दबाव को कम करने के लिए साधारण कैलकुलेटर के उपयोग की अनुमति देने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। बोर्ड के अधिकारियों ने कहा कि एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए उनके उपयोग पर दिशा निर्देश तैयार करने के मकसद से समिति का गठन किया जाएगा। सीबीएसई 10वीं और 12 वीं कक्षाओं में दिव्यांग विद्यार्थियों को 'कैलकुलेटर' का उपयोग करने की अनुमति देता है। सीआईएसईसी ने भी 2021 में कैलकुलेटर का उपयोग करने की अनुमति दी थी।

# हिसार का जवान सिक्किम में शहीद बीआरओ में तैनात था अजय

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** अग्रोहा क्षेत्र के संडोल गांव का जवान अजय सिक्किम में शहीद हो गया है। वे बार्डर रोड आर्गेनाइजेशन (बीआरओ) में तैनात थे। इन दिनों केन्द्र सरकार के रोड प्रोजेक्ट पर काम कर रहे थे। इसी दौरान उनके साथ दुर्घटना हो गई और वे शहीद हो गए। उनके शहीद होने की खबर गांव में पहुंचते ही मातम पसर गया। उनका पार्थिव शरीर बुधवार को पैतृक गांव संडोल में लाया जाएगा। परिवार को अंतिम दर्शन करवाने के बाद गांव के श्मशान घाट में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार होगा। अजय की 2018 में शादी हुई थी और उसकी एक महीने की बेटी भी है। अजय मार्च 2019 में सेना में भर्ती हुए थे। अजय इन दिनों सिक्किम में रक्षा मंत्रालय के अधीन परियोजना स्वास्तिक (नेशनल हाइवे 10 को रिपेयर करने का काम) में कार्य कर रहे थे।



**कल शहीद के पार्थिव शरीर को पैतृक गांव संडोल लाया जाएगा**

### 14 फरवरी 1993 को जन्म

अजय का जन्म 14 फरवरी 1993 को हुआ था। उसके पिता हरपाल व मां रोशनी गांव में रहकर खेतीबाड़ी करते हैं। अजय पत्नी सुशीला और बेटी के साथ सिक्किम में ही आर्मी क्वार्टर में ही रह रहे थे। शहादत की सूचना जैसे ही गांव पहुंची तो हर कोई शोकग्रस्त हो गया।

### 22 मार्च को बनाया बेटी का बर्थडे

अजय परिवार के इकलौते बेटे थे। उनकी दो बहनें हैं और दोनों की शादी हो चुकी है। भाई की मौत की खबर के बाद से बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि अजय ने 22 मार्च को बेटी का आर्मी क्वार्टर में ही पत्नी के साथ जन्मदिन मनाया था।

**सीएम सैनी ने समीक्षा मीटिंग में दी जानकारी, 6653.44 करोड़ क्रेडिट लिमिट तय**

*खरीद एजेंसियों को निर्देश, समय रहते सभी प्रबंध पूरे करें*

# सूबे में इस बार 75 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद होगी, हैफेड 40% गेहूं खरीदेगी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को गेहूं की खरीद को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा और दिशा निर्देश जारी किए। सीएम सैनी ने रबी विपणन सीजन 2025-26 के लिए गेहूं, सरसों, जौ, चना, मसूर व सूरजमुखी की खरीद करने वाली सभी चारों खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय रहते सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लें, ताकि किसानों को मंडियों में फसलें बेचने में दिक्कत न आए। इस बार गेहूं की बंपर पैदावार होने का अनुमान है। इस बार एजेंसियों ने गेहूं खरीद का लक्ष्य 75 लाख मीट्रिक टन रखा है।



**एक अप्रैल से गेहूं की खरीद :** सरसों की 15 मार्च से और मसूर की खरीद 20 मार्च से शुरू हो चुकी है। यह खरीद एक मई तक चलेगी। वहीं, गेहूं, जौ और चने की खरीद एक अप्रैल से शुरू होगी व सूरजमुखी की खरीद 1 जून से आरंभ होगी। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसलों की खरीद अवधि को 15 से 20 दिन जारी रखने का कार्यक्रम बनाएं, ताकि असुविधा न हो।

**क्रेडिट लिमिट तय :** वित्त विभाग/भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रबी खरीद के लिए 6653.44 करोड़ रुपये की कैश क्रैडिट लिमिट तय की जा चुकी है। इसके अलावा बैंकर्स को भी ध्यान रखना होगा कि मंडियों से निकासी गेट पास जारी होने के 48 से 72 घटों में किसानों के खाते में सीधा भुगतान करने की सरकार की प्रतिबद्धता को कायम रखा जाए।

**कौन कितना गेहूं खरीदेगा**

| | |
|---|---|
| खाद्य एवं आपूर्ति विभाग | 30 प्रतिशत |
| हैफेड | 40 प्रतिशत |
| हरियाणा राज्य भंडारण निगम | 20 प्रतिशत |
| भारतीय खाद्य निगम | 10 प्रतिशत |

### गेहूं उत्पादन में दूसरे स्थान पर हरियाणा

हरियाणा देश में गेहूं उत्पादन में दूसरे स्थान पर है और लगभग 25 प्रतिशत गेहूं केंद्रीय पुल में देता है। मुख्यमंत्री को इस बात की जानकारी दी गई कि गेहूं खरीद के लिए प्रदेश में 415 मंडिया, जौ के लिए 25, चने के लिए 11, मसूर के लिए 7, सरसों के लिए 116 और सूरजमुखी के लिए 17 मंडिया संचालित रहेंगी।

**यह है एमएसपी**

| फसल | एमएसपी | फसल | एमएसपी |
|---|---|---|---|
| गेहूं | 2425 | सरसों | 5950 |
| जौ | 1980 | सूरजमुखी | 7280 |
| चने | 5650 | (एमएसपी रुपये प्रति क्विंटल में) | |
| मसूर | 6700 | | |

## हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी बैठक में कई निर्णय, पानीपत में 17.85 करोड़ से अत्याधुनिक अग्निशमन केंद्र बनेगा

# सीएम ने 109.30 करोड़ रुपये मंजूर किए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पानीपत नगर निगम क्षेत्र में 17.85 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक अग्निशमन केंद्र स्थापित किया जाएगा। हरियाणा के मुख्य मंत्र टी नायब सिंह सैनी ने आज हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूसी) बैठक की अध्यक्षता की है। बैठक के दौरान 109.30 करोड़ रुपये के अनुबंधों को मंजूरी दी। बैठक के दौरान विभिन्न बोलीदाताओं के साथ नेगोशिएशन के परिणामस्वरूप 6.92 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण लागत बचत हुई। बैठक में हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल भी मौजूद थे। यमुनानगर में स्मार्ट लाइटिंग सिस्टम के लिए 16.50 करोड़ रुपये की लागत से नई एलईडी लाइट लगाने और मौजूदा स्ट्रीट लाइटों को एलईडी स्ट्रीट लाइटों से बदलने के साथ-साथ एक केंद्रीकृत नियंत्रण और निगरानी प्रणाली पैनल को भी मंजूरी दी गई। इसके अतिरिक्त, अंबाला नगर निगम की सीमा के भीतर एक स्मार्ट स्ट्रीट लाइट सिस्टम के कार्यान्वयन को मंजूरी दी गई, जिसमें पारंपरिक स्ट्रीट लाइटों को बदलना और केंद्रीकृत नियंत्रण और निगरानी प्रणाली (सीसीएमएस) के साथ एकीकृत नई एलईडी ल्यूमिनेयर स्थापित करना शामिल है।

### करनाल को सड़क और छात्रावास ब्लॉक



बैठक में निर्णय लिया गया कि करनाल नगर निगम के अंतर्गत मेरठ रोड से उधम सिंह चौक वाया सामुदायिक केंद्र, सेक्टर-9 और बाजार क्षेत्र (मेरठ रोड से साईं मंदिर और चौक, साईं मंदिर से नूर महल चौक और चौक, नूर महल चौक से उधम सिंह चौक और उधम सिंह चौक से सामुदायिक केंद्र) तक सड़क को 7.90 करोड़ रुपये की लागत से मजबूत करने को भी मंजूरी दी गई। बैठक में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत ईपीसी मोड पर करनाल के कैलाश स्थित हॉकी स्टेडियम के लिए 13.25 करोड़ रुपये की लागत से छात्रावास ब्लॉक के निर्माण को भी मंजूरी दी गई।

### फरीदाबाद में स्मार्ट सिटी पर 18.10 करोड़ खर्च होंगे

इसके अतिरिक्त, फरीदाबाद में स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत 18.10 करोड़ रुपये की लागत से दो कोलेटरल सड़कों- शनि मंदिर रोड और सेक्टर-28 मेन रोड के विकास को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा, पलवल नगर परिषद क्षेत्र में 9.93 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न गलियों और नालियों के निर्माण तथा नगर परिषद होडल के वार्ड 20 और 21 में नव नियमित कॉलोनी-154 में 11.07 करोड़ रुपये की लागत से आईपीबी गली और नाले के निर्माण को भी मंजूरी दी गई।

### गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं, साथ ही कहा कि किसी भी देरी के लिए संबंधित ठेकेदार और अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने निर्माण में गुणवत्ता वाली सामग्री के उपयोग को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरूण कुमार गुप्ता, विकास गुप्ता और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## रोहिंग्या मुसलमानों के दस्तावेज जांचेगी सरकार, घुसपैठ रोकेंगे

**चंडीगढ़।** संसद में पेश वक्फ संशोधन बिल को लेकर हमलावर कांग्रेस पर पलटवार करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि विपक्ष लोगों को अनावश्यक भड़काना छोड़कर देश हित में सोचे।

मरी हुई कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है, जिस कारण वह अनावश्यक बातों को तूल दे रही है। हरियाणा निवास में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि सरकार रोहिंग्या मुसलमानों के दस्तावेज जरूर जांचेगी। देश में अवैध घुसपैठ रोकने के लिए यह जरूरी है। कांग्रेस ने वोट बैंक के लिए रोहिंग्या का इस्तेमाल किया और जब विदेशी घुसपैठ रोकने के लिए केंद्र सरकार सीएए लाई तो कांग्रेस ने भड़काना शुरू कर दिया कि सभी के कागज देखे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोहिंग्या के दस्तावेज क्यों न देखें। यह देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ा मामला है। नायब ने कहा कि कांग्रेसी राजनीतिक स्वार्थ साधने का काम करते हैं। कांग्रेस नेता देश के बारे में नहीं, बल्कि स्वयं के बारे में सोचते हैं कि कैसे उनकी कुर्सी सुरक्षित रहे। कांग्रेस ने सीएए पर भी लोगों को गुमराह करने का काम किया, जबकि वो नागरिकता प्रदान करने का कानून था।

## कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं सिर्फ गुमराह कर रहे : सैनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है, वे केवल लोगों को गुमराह कर राजनीतिक स्वार्थ साधने का काम करते हैं। कांग्रेस नेता देश के बारे में नहीं बल्कि स्वयं के बारे में सोचते हैं कि कैसे उनकी कुर्सी सुरक्षित रहे। मुख्यमंत्री यहां आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार, श्री विपुल गोयल और श्री कृष्ण कुमार बेदी भी उपस्थित रहे। नायब सिंह सैनी ने लोकसभा में वक्फ बोर्ड पर लाए गए बिल के संबंध में कहा कि इस पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सीएए पर भी लोगों को गुमराह करने का काम किया। जबकि वो नागरिकता प्रदान करने का कानून था। कांग्रेस द्वारा लोगों को केवल मात्र वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करना दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लोगों के जीवन को सरल करने के लिए निंरतर नए-नए निर्णय ले रही है।

## हरियाणा के 62 निकायों में सामने आई 1400 करोड़ की गड़बड़ी : कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि एक ओर प्रदेश की भाजपा सरकार का दावा है कि उसने भ्रष्टाचार पर काबू पाया है जबकि हालात इसके उलट है, भ्रष्टाचार कम होने के बजाए बढ़ रहा है।



स्थानीय निकाय तो भ्रष्टाचार की खान बन चुके है जहां पर एक भी काम ऐसा नहीं है जो बिना भ्रष्टाचार के हो जाए। अभी तक नव निर्वाचित मेयर, चेयरमैन ने शपथ भी नहीं ली है कि प्रदेश के 62 निकायों में 1400 करोड़ रुपये की गड़बड़ी सामने आई है। अधिकारियों ने कामकाज के लिए एडवांस तो लिया पर उसे कहां खर्च किया गया, इसका कोई हिसाब या सबूत नहीं दिया गया है, सबसे ज्यादा गड़बड़ी गुरुग्राम में सामने आई है सांसद सैलजा ने कहा कि स्थानीय निकाय में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार है, हर कागज और हर काम से भ्रष्टाचार की बू आती है क्योंकि भ्रष्टाचार हुआ है।

## उद्योगपतियों के टैक्स और कर्ज माफी के हर संभव प्रयास कर रही सरकार : चौटाला

**चंडीगढ़।** इनेलो राष्ट्रीय प्रधान महासचिव चौ. अभय सिंह चौटाला ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए टैक्स पर ओटीएस (एकमुश्त निपटान)की घोषणा की है जिसके अर्तंगत बकाया टैक्स पर ब्याज और पेनल्टी माफ की जाएगी। इसी साल जनवरी में भी मुख्यमंत्री ने बड़े व्यापारियों के ढाई हजार करोड़ रूपए माफ किए थे। बीजेपी सरकार बड़े उद्योगपतियों के टैक्स और कर्ज माफी के लिए तो हर संभव प्रयास कर रही है लेकिन किसान, मजदूर और छोटे व्यापारियों को बार बार नजरअंदाज कर रही है। इससे बड़ी विडंबना क्या होगी जब बात किसान, मजदूर और छोटे व्यापारियों के हितों की आती है तो सरकार वित्तीय स्थिति खराब होने के बहाने बनाती है। लेकिन जब बड़े उद्योगपतियों के कर्जे माफ करने होते हैं तो खजाने खोल देती है। हर साल ओलावृष्टि और बाढ़ के कारण किसानों की फसल बर्बाद होती है, लेकिन सरकार ने आज तक मुआवजा नहीं दिया।



### सरकार ने निमंत्रण पत्र भेजे

## आज पंचकूला में शपथ लेंगे मेयर, चेयरमैन और पार्षद

**चंडीगढ़।** हरियाणा में स्थानीय निकायों के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को विधायकों और मंत्रियों की तर्ज पर शपथ दिलाई जाएगी। पंचकूला के सेक्टर पांच स्थित इंद्रधनुष आडिटोरियम में आज मंगलवार को सुबह 10 बजे शुरू होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के लिए सभी निकाय प्रतिनिधियों को सरकार ने व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण पत्र भेजे हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी और स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल की मौजूदगी में होने वाले कार्यक्रम में दस नगर निगमों के मेयर, पांच नगर परिषदों के अध्यक्षों, 23 नगर पालिकाओं के प्रधानों और 647 वार्ड सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। नगर निगम के मेयर, नगर परिषदों के चेयरमैन व नगर पालिकाओं के अध्यक्षों को अलग-अलग शपथ दिलाई जाएगी, जबकि सभी वार्ड सदस्यों को सामूहिक रूप से शपथ दिलाई जाएगी। सभी निर्वाचित सदस्यों को कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए परिचय पत्र जारी करने के साथ ही आने-जाने की व्यवस्था भी की गई है। शपथ ग्रहण के बाद नवनिर्वाचित मेयर, चेयरमैन व वार्ड सदस्यों का कार्यकाल शुरू हो जाएगा।

### पहली बैठक होगी

इसके बाद पंचकूला में ही निकाय प्रतिनिधियों की पहली बैठक होगी, जिसमें विकास कार्यों पर चर्चा की जाएगी। इसी दौरान निकाय प्रतिनिधियों को सरकार द्वारा सभी जिलों में किए जाने वाले कार्यों की सूची के साथ ही हाल ही में पेश किए गए बजट की कापी दी जाएगी। इससे संबंधित निकायों में चिह्नित विकास कार्यों पर फोकस किया जा सकेगा। शपथ ग्रहण और पहली बैठक के बाद सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर चुनने की प्रक्रिया शुरू होगी। इस बार मेयर का चुनाव सीधे जनता ने वोट डालकर किया है।



# गेहूं की लोडिंग-अनलोडिंग के ठेकेदार व ट्रांसपोर्टर न मिलने अब सरकार ने तीसरी बार बदली पॉलिसी

■ ठेकेदार नई नीति से सहमत, 26 को हो जाएंगे टेंडर ■ मंडियों से 72 घंटे में उठान न करने का जुर्माना 1000 से घटाकर 500 किया

**फतेहाबाद।** प्रदेश की मण्डियों में गेहूं की लोडिंग-अनलोडिंग के ठेकेदार व ट्रांसपोर्टर न मिलने के चलते सरकार ने तीसरी बार पॉलिसी में बदलाव किया है। गेहूं का सीजन नजदीक आते देख दबाव में आई सरकार को आखिरकार 2023-24 की पुरानी पॉलिसी ही लागू करनी पड़ी। सरकार ने अब अनाज मंडियों में गेहूं उठान में देरी पर लगने वाली जुर्माना राशि दोगुनी करने के फैसले को वापस ले लिया है। बीते 8 मार्च को इसे प्रति ट्रक 1000 रुपए किया था, अब दोबारा 500 रुपए कर दिया है।

■ खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने अब पांचवीं बार टेंडर आमंत्रित किए

ट्रांसपोर्टरों ने इसका विरोध करते हुए टेंडर के लिए आवेदन नहीं किए थे। पॉलिसी में बदलाव के बाद अब ठेकेदारों ने इस पर अपनी सहमति जता दी है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने अब पांचवीं बार टेंडर आमंत्रित किए हैं, जिसकी अंतिम तारीख 26 मार्च है। ट्रांसपोर्ट यूनियन के जिला प्रधान विनोद सिंगला ने कहा कि 26 मार्च तक वह ठेके के लिए आवेदन कर देंगे।



फतेहाबाद अनाज मंडी

■ गेहूं का सीजन 45 दिन का होता है, लेकिन किसान मौसम की मार या अन्य कारणों से 15 दिन में पूरे सीजन को खत्म कर देते हैं

### टेंडर के लिए आवेदन की तारीख बढ़ाने की मांग

ठेकेदार विनोद सिंगला ने बताया कि मंडियों से लोडिंग के टेंडर के आवेदन का समय 26 मार्च तक है। उन्होंने सोमवार को डीएफएससी से मिलकर मांग की है कि टेंडर के लिए आवेदन की तारीख को आगे बढ़ाया जाए। हालांकि 26 मार्च तक भी टेंडर भरे जाएंगे। जो रह जाएंगे, उसके खिलाफ विभाग द्वारा 29 मार्च तक समय सीमा बढ़ाई जा सकती है ताकि मण्डियों व खरीद केन्द्रों से गेहूं का उठान समय पर हो सके।

### ट्रांसपोर्टरों की मांग पर पॉलिसी में कुछ बदलाव

ट्रांसपोर्टर सरकार की पॉलिसी पर सहमत हो गए हैं। ट्रांसपोर्टरों की मांग पर पॉलिसी में कुछ बदलाव किया है। गेहूं सीजन की सभी तैयारी पूरी हैं। उम्मीद है कि सभी मण्डियों व खरीद केन्द्रों लिए जल्द ठेकेदार मिल जाएंगे। 26 मार्च को टेंडर की अंतिम तारीख है। ठेकेदारों ने आश्वासन दिया कि वह तब तक आवेदन कर देंगे।
-**विनीत जैन**, डीएफएससी फतेहाबाद

### प्रति गाड़ी सिक्योरिटी 1.50 लाख से घटा 7 हजार रुपये

गेहूं का सीजन 45 दिन का होता है, लेकिन किसान मौसम की मार या अन्य कारणों से 15 दिन में पूरे सीजन को खत्म कर देते हैं। जब सीजन पीक पर होता है, तब मंडियों में जाम लगता है। फसल को एफसीआई गोदाम तक पहुंचाने अनेक अड़चनें हैं। आढ़ती दोपहर बाद 4 बजे तक फसल खरीदते हैं। प्रदेश सरकार ने 14 फरवरी को वर्ष 2025-26 के लिए ट्रांसपोर्टरों के लिए नई पॉलिसी जारी की थी। इसमें शर्त रखी थी कि यदि फसल खरीद करने के 48 घंटे में एफसीआई के गोदाम में अनाज डिलीवर नहीं किया गया तो प्रतिदिन 5 हजार रुपए जुर्माना लगेगा। फिर 1 हजार जुर्माना किया। इसका भी विरोध हुआ। अब सरकार ने 72 घंटे का समय देते हुए जुर्माना राशि भी 500 रुपए कर दी है। इसके अलावा ट्रांसपोर्टरों मे बताया कि नई पॉलिसी में प्रति गाड़ी सिक्योरिटी भी 1 लाख 50 हजार रुपए कर दी थी। इनमें 50 हजार रुपए रिफंडेबल नहीं थे। इस पर ट्रांसपोर्टरों ने नाराजगी जताई। इसके बाद सरकार ने 1 लाख 15 हजार रुपए सिक्योरिटी कर 85 हजार रुपए रिफंडेबल नहीं किए। इसका भी विरोध हुआ। अब सरकार ने 7 हजार रुपए सिक्योरिटी की है और यह रिफंडेबल है। पॉलिसी में इतना बदलाव करने पर रविवार को नई पॉलिसी जारी की गई।

# कोर्ट में बीस हजार रिश्वत लेता शिक्षा विभाग का क्लर्क गिरफ्तार


**फतेहाबाद।** एंटी करप्शन ब्यूरो की गिरफ्त में आरोपी कर्मचारी।

**फतेहाबाद।** एंटी करप्शन ब्यूरो हिसार की टीम ने फतेहाबाद के कोर्ट परिसर में बड़ी कार्रवाई करते हुए पंचकूला शिक्षा विभाग में तैनात क्लर्क कुलदीप को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पकड़ा गया क्लर्क शिकायतकर्ता के पिता के स्थान पर मिलने वाली नौकरी के मामले में कोर्ट केस में सहायता के नाम पर 1 लाख 60 हजार रुपये की डिमांड कर रहा था, जिसमें आज कोर्ट में 20 हजार रुपये लेने के दौरान एसीबी टीम ने उसे धर दबोचा। बड़ी बात यह है कि पकड़े गए क्लर्क का कहना है कि उसने नौकरी लगवाने की एवज में इन पैसों में से एक लाख रुपये चीफ सैक्ट्री के कार्यालय व 60 हजार रुपये अन्य कर्मचारियों को देने है। मिली जानकारी के मुताबिक

■ नौकरी लगवाने के लिए चीफ सेक्रेटरी के नाम मांगी रिश्वत

फतेहाबाद के गांव चिंदड निवासी कालूराम के पिता भाल सिंह, चिंदड के स्कूल में सेवादार के पद पर कार्यरत थे। भाल सिंह की 1988 में ऑन ड्यूटी मौत हो गई थी। इसके बाद भाल सिंह के बेटे कालूराम ने एक्स-ग्रेशिया के तहत क्लेम करते हुए फतेहाबाद सिविल कोर्ट में केस दायर किया था। इस दौरान उसकी मुलाकात पंचकूला शिक्षा विभाग में कार्यरत कुलदीप से कही। कुलदीप ने उसे केस में मदद करने और नौकरी दिलवाने के नाम पर कुल 1 लाख 60 हजार रुपये रिश्वत मांगी। सोमवार को पेशी के दौरान बीस हजार रुपये रिश्वत लेते एसीबी की टीम ने उसे दबोच लिया।

## माली चर्च में कर रहा था अफीम की खेती, 80 पौधे किए बरामद

**अंबाला।** अंबाला छावनी के चर्च परिसर में अफीम की पौधे लगाने का मामला सामने आया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मौजूद अफीम के पौधे और उसको उगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अफीम के सभी पौधों को कब्जे में ले लिया गया है। महेश नगर थाने के एएसआई अजित पाल ने बताया कि पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जगाधरी रोड स्थित एक चर्च पर रेड की। जहां पर 80 पौधे बरामद किए गए है। बरामद अफीम के पौधों का वजन 5 किलो 770 ग्राम है। वहीं, आरोपी की पहचान सुल्तानपुर के अंकित शर्मा के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार आरोपी अंकित ने पूरे चर्च परिसर में अलग अलग जगह अफीम की पौधे उगा रखे थे। इसको पूरी तरह से पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। अभी आगे की पूछताछ जारी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक चर्च में ही माली का कम करता है। उसने इसीलिए आसानी से यह पौधे उगा लिए और किसी को कानों कान खबर नहीं लगी। पुलिस को जब इस बारे में जानकारी मिली तो पुलिस ने तुरंत चर्च परिसर में छापेमार की।

## प्रदेश में नौकरियों के लिए झांसे के बढ़ते मामलों पर हाईकोर्ट सख्त

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा के मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि राज्य में रोजगार कार्यालयों की कार्यक्षमता को लेकर विस्तृत जानकारी हाई कोर्ट को सौंपी जाए। हाई कोर्ट ने यह आदेश जाब स्कैम (नौकरी घोटाले) से संबंधित एक आरोपित की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। जस्टिस महाबीर सिंह सिंधु ने इस मामले की सुनवाई के दौरान चिंता व्यक्त की है कि राज्य के रोजगार कार्यालय संभवत अपेक्षित उद्धेश्य के लिए कार्यशील नहीं हैं। कोर्ट ने कहा कि यह व्यापक जांच का हिस्सा है, जिसमें हरियाणा में फर्जीवाड़े के जरिये सरकारी नौकरियों का झांसा देकर पैसे ऐंठने के आरोपों की पड़ताल की जा रही है। यह मामला 27 जून 2024 को फतेहाबाद में दर्ज हुआ था, जिसमें आरोपित सुशील कुमार पर लगभग 15 लोगों से सरकारी नौकरियां दिलाने का झूठा वादा करने व पैसे ऐंठने का आरोप है।

## बदमाशों ने शराब ठेके के कारिंदों से चार लाख रुपये की नकदी लूटी

**रेवाड़ी।** रविवार की रात खिजूरी के निकट शराब ठेकों से कैश कलेक्शन का कार्य करने वाले युवक व ठेके के सेल्समैन से मारपीट करते हुए बदमाश 4 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने नाकेबंदी भी, परंतु बदमाशों का कोई पता नहीं चल सका। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने लूट का केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

सेविन वाइन्स पर कैश कलेक्शन का कार्य करने वाले खलियावास मोहल्ला धारूहेड़ा निवासी सौरव ने बताया कि वह संगवाड़ी, भूडला, पांचौर, निगानिवास व संगवाड़ी के वरुणा आदि शराब ठेकों से कैश कलेक्शन का कार्य करता है। रविवार की रात वह शराब ठेकों से कैश कलेक्ट करने के बाद खिजूरी के पास सब वेंड पर पिकअप गाड़ी लेकर गया था। रात को करीब 10 बजे सब वेंड पर कार्य करने वाला सेल्समैन उसे कैश देने के लिए गाड़ी के पास आ गया। इसी दौरान दो बाइकों पर 5 युवक वहां आ गए। वहां आते ही उन लोगों ने उसके व विकास के साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। पिकअप गाड़ी का शीशा भी तोड़ दिया। सौरव ने पुलिस शिकायत में बताया पांचों नकाबपोश युवक गाड़ी का साइड का शीशा तोड़कर गाड़ी में रखा कैश बैग लेकर फरार हो गए। बैग में ठेकों से कलेक्ट किया हुआ करीब 4 लाख रुपये कैश था। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी।

### नाकाबंदी के बावजूद हाथ नहीं आए बदमाश

सौरव ने बताया कि घटना के बाद उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने बाद पुलिस ने बदमाशों को काबू करने के लिए नाकेबंदी भी, परंतु पुलिस उन्हें काबू नहीं कर पाई। सौरव और सेल्समैन को काफी चोटें आई हैं। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने लूट का केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। लूट की सूचना मिलने के बाद सीआईए की टीमों को भी एक्टिव किया गया है, ताकि बदमाशों को जल्द काबू किया जा सके।







हरियाणा सरकार
हरियाणा राज्य की पालिकाओं के
नवनिर्वाचित महापौर, प्रधान एवं सदस्यों का
शपथ ग्रहण समारोह
मुख्य अतिथि
श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा
विशिष्ट अतिथि
श्री विपुल गोयल
शहरी स्थानीय निकाय मंत्री, हरियाणा
25 मार्च, 2025 | प्रातः 10:00 बजे
इन्द्रधनुष सभागार, सेक्टर-5, पंचकूला
कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
नॉनस्टॉप काम
टॉप परिणाम
ट्रिपल इंजन सरकार, तिगुनी रफ्तार!
सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana




# आज अय्यर और गिल के बीच होगी कप्तानी की रोचक जंग

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मंगलवार को यहां होने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल के बीच कप्तानी की भी रोचक जंग देखने को मिलेगी। अय्यर आईपीएल के सफल कप्तानों में शामिल है। उनके नेतृत्व में कोलकाता नाइट राइडर्स ने पिछले साल खिताब जीता था। इससे चार साल पहले 2020 में दिल्ली कैपिटल्स ने उनकी कप्तानी में फाइनल में जगह बनाई थी।

अब उनका लक्ष्य पंजाब का आईपीएल खिताब जीतने का 18 साल लंबा इंतजार खत्म करना होगा। पंजाब आईपीएल 2018 के सेमीफाइनल में पहुंचा था जबकि उसने 2014 में फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन पिछले चार वर्षों में शीर्ष पांच में भी जगह नहीं बना सका। किंग्स इलेवन पंजाब से पंजाब किंग्स बनने के बावजूद इस टीम को अब भी अपने पहले आईपीएल खिताब का इंतजार है। लेकिन अब अय्यर के रूप में नया कप्तान और रिकी पोंटिंग के रूप में नया मुख्य कोच मिलने के बाद पंजाब की टीम नए सिरे से शुरुआत करने के लिए तैयार है।

**पंजाब किंग्स को 18 साल से खिताब का इंतजार**
**मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर शाम 7.30 बजे**



**पहली बार कप्तानी कर रहे गिल**

दूसरी तरफ गिल को भारत का भविष्य का कप्तान माना जा रहा है। उन्हें हाल में भारत की एकदिवसीय टीम का उप कप्तान नियुक्त किया गया। उन्होंने हार्दिक पांड्या के पिछले साल मुंबई इंडियंस से जुड़ जाने के बाद गुजरात की कप्तानी संभाली थी लेकिन उनकी टीम तब आठवें स्थान पर रही थी। इससे पहले हार्दिक की कप्तानी में गुजरात की टीम 2022 में विजेता और 2023 में उपविजेता रही थी।

**गुजरात के पास आदर्श जोड़ी**

गुजरात के पास गिल और इंग्लैंड के जोस बटलर के रूप में आदर्श सलामी जोड़ी है। मध्यक्रम की कमान वेस्टइंडीज के शेरफेन रदरफोर्ड, साई सुदर्शन और मसूद शाहरुख खान के हाथों में होगी, जबकि ऑलराउंडर राशिद खान, राहुल तेवतिया, ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और महिपाल लोमरोर से योगदान की उम्मीद है। गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज अपना प्रभाव छोड़ना चाहेंगे। तेज गेंदबाजी विभाग में उनके साथ देने के लिए कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा, दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएत्जी और अनुभवी इशांत शर्मा जैसे अच्छे गेंदबाज शामिल हैं। गुजरात के स्पिन विभाग की जिम्मेदारी फिर से राशिद खान निभाएंगे।

**पंजाब की टीम अय्यर मैक्सवेल पर निर्भर**

पंजाब की बल्लेबाजी की बात करें तो उसकी बल्लेबाजी मुख्य रूप से कप्तान अय्यर, जोश इंग्लिस, प्रभसिमरन सिंह, मार्कस स्टोइनिस और ग्लेन मैक्सवेल पर निर्भर रहेगी। पंजाब की टीम में अजमतुल्लाह उमरजई, स्टोइनिस, मार्को जानसेन, शशांक सिंह और मुशीर खान जैसे ऑलराउंडर हैं। पंजाब के तेज गेंदबाजी विभाग का नेतृत्व अर्शदीप सिंह करेंगे। उनके अलावा पंजाब के तेज गेंदबाजी विभाग में लॉकी फर्ग्यूसन, कुलदीप सेन और यश ठाकुर शामिल हैं जबकि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार स्पिन विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे।



**खास खबर**

## धोनी की फुर्ती देखकर मंत्रमुग्ध हो गए हेडन



**चेन्नई।** महेंद्र सिंह धोनी ने 43 साल की उम्र होने के बावजूद रविवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में जिस तरह की फुर्ती दिखाकर मुंबई इंडियंस के कप्तान सूर्यकुमार यादव को स्टंप आउट किया उसे देखकर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन मंत्रमुग्ध हो गए। धोनी अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं। उन्होंने पांच साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स को पांच आईपीएल खिताब दिलाने के बाद वह अपनी इस टीम की तरफ से केवल एक खिलाड़ी के रूप में खेल रहे हैं।

## अश्विन की क्रिकेट समझ के कायल हैं रचिन



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स की मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मैच में जीत के नायक रचिन रविंद्र ने इसका श्रेय क्रिकेट की बहुत अच्छी समझ रखने वाले रविचंद्रन अश्विन की अगुवाई वाले स्पिन आक्रमण को दिया। रविंद्र ने कहा, 'ऐश (अश्विन) एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी है। मैंने उनके खिलाफ कुछ मैच खेले हैं। वह टीम के साथ अपना व्यापक अनुभव और क्रिकेट ज्ञान को जोड़ता है। मेरे कहने का मतलब है कि वह जिस तरह से स्पिन गेंदबाजी के बारे में अपनी बात रखता है और टिप्स देता है। वह खेल की बहुत अच्छी समझ रखते हैं और भारत के महान खिलाड़ियों में शामिल हैं।'

**महिला मुक्केबाजी राष्ट्रीय चैंपियनशिप**

## मीनाक्षी ने विश्व चैंपियन नीतू को हराकर उलटफेर किया

भाषा ग्रेटर ▶▶| नोएडा

अखिल भारतीय पुलिस की मुक्केबाज मीनाक्षी ने सोमवार को यहां आठवीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हरियाणा की विश्व चैंपियन नीतू घंघास को हराकर 48 किग्रा खिताब के बचाव की ओर एक कदम आगे बढ़ाया। एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता 24 वर्षीय मीनाक्षी ने तीनों राउंड में अपना दबदबा बनाए रखा और 4-1 से विभाजित फैसले से जीत हासिल कर प्रतियोगिता में सबसे बड़ा उलटफेर किया। अपनी आक्रामक शैली के लिए मशहूर 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन और 2023 की विश्व चैंपियन नीतू लय में नहीं दिखीं और संघर्ष करती रहीं। मीनाक्षी ने कहा, ''मैं वास्तव में अच्छा महसूस कर रही हूं। मैं राष्ट्रमंडल खेलों के ट्रायल में नीतू से हार गई थी, इसलिए मुझे पता था कि यह मुश्किल होगा।'' अब मीनाक्षी का सामना दिल्ली की संजना से होगा जिन्होंने चंडीगढ़ की गुड्डी को रोमांचक क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हराया। दिन के अन्य विजेताओं में 2014 इंचियोन एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता पूजा रानी (75 किग्रा) और विश्व और एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता सोनिया लाठेर (54 किग्रा) शामिल थीं जिन्होंने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। रेलवे का प्रतिनिधित्व करते हुए पूजा ने कोमल को 5-0 के अंतर से हराया। लाठेर ने चंडीगढ़ की मोनिका पर 4-3 से जीत हासिल की और फाइनल के एक कदम करीब पहुंच गईं। 60 किग्रा सेमीफाइनल में उनके साथ संजू और उत्तर प्रदेश की अपराजिता मणि भी शामिल थीं।

युवा विश्व और राष्ट्रीय चैंपियन सनमाचा चानू ने भी कर्नाटक की एए सांची बोलम्मा पर पहले दौर की आरएससी जीत के साथ लाइट मिडिलवेट (70 किग्रा) वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मौजूदा चैंपियन राजस्थान की ललिता (70 किग्रा) ने भी पंजाब की कोमलप्रीत कौर को 4-1 के विभाजित निर्णय से हराकर अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की। साक्षी ने बिना किसी परेशानी के पहले दौर में आरएससी में लद्दाख की कुलसुम पर जीत हासिल करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पिछले चरण में रजत पदक जीतने वाली साक्षी अब स्वर्ण पदक जीतने से केवल दो कदम दूर हैं।

# दिल्ली कैपिटल्स ने एलएसजी पर दर्ज की एक विकेट की रोमांचक जीत

## आशुतोष ने छक्का मारकर जिताया, विपराज निगम रहे गेमचेंजर

भाषा ▶▶| विशाखापत्तनम



दिल्ली कैपिटल्स ने 'इम्पैक्ट सब' आशुतोष शर्मा की सूझबूझ से खेली गई 31 गेंद में नाबाद 66 रन की तूफानी पारी से सोमवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को तीन गेंद रहते एक विकेट से हरा दिया। आशुतोष ने शाहबाज अहमद की गेंद पर गगनदायी छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई।

उन्होंने अपनी पारी के दौरान पांच चौके और इतने ही छक्के जड़े। दिल्ली कैपिटल्स ने इससे पहले निकोलस पूरन (75 रन) और मिचेल मार्श (72 रन) की धमाकेदार अर्धशतकीय पारियों के बाद वापसी करते हुए एलएसजी को आठ विकेट पर 209 रन पर रोक दिया। फिर उसने आशुतोष की धमाकेदार पारी 19.3 ओवर में नौ विकेट पर 211 रन बनाकर जीत दर्ज की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरूआत काफी खराब रही जिसने पावरप्ले में चार विकेट गंवा दिए थे और एक समय उसका स्कोर तीन विकेट पर सात रन था। इससे ऐसा लग रहा था कि यह लक्ष्य उसके लिए बहुत बड़ा है लेकिन आशुतोष ने उसकी उम्मीदों को पंख लगाकर जीत दिलाई। आशुतोष और विप्रज निगम (39 रन) ने तेजी से खेलते हुए सातवें विकेट के लिए 22 गेंद में 55 रन बनाकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। अंतिम चार ओवर में जीत के लिए 42 रन की जरूरत थी। पर 17वें ओवर की पहली गेंद पर राठी की कैरम बॉल लेग साइड पर फ्लिक करने के प्रयास में विप्रज कैच आउट हो गए। दूसरे छोर पर साथ नहीं मिलने के बावजूद आशुतोष अंत तक डटे रहे और अपनी टीम को जीत तक पहुंचाया।

## पुथुर ने पदार्पण मैच में किया प्रभावित



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट जगत के लिए अब तक अनजान रहे मुंबई इंडियंस के स्पिनर विग्नेश पुथुर ने आईपीएल के अपने पदार्पण मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ तीन विकेट झटक कर प्रभावित किया। मुंबई की टीम रविवार को खेले गए इस मैच को चार विकेट से हार गई। पुथुर को मैच के बाद धोनी से मिली तारीफ और शाबाशी लंबे समय तक याद रहेगी। ऑटो रिक्शा चालक के बेटे पुथुर ने अब तक प्रथम श्रेणी या लिस्ट ए स्तर का मैच भी नहीं खेला है।

**खबर संक्षेप**

### तमीम सीने में दर्द के बाद अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को सोमवार को ढाका में ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग मैच के दौरान दिल का दौरा पड़ने के बाद एंजियोप्लास्टी से गुजरना पड़ा। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब और शाइनपुकुर क्रिकेट क्लब के बीच खेले गए 50 ओवर के मैच के दौरान पहली पारी में 36 वर्षीय इकबाल को सीने में दर्द महसूस हुआ जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। मोहम्मडन की कप्तानी कर रहे तमीम ने एक ओवर तक क्षेत्ररक्षण किया, जिसके बाद सीने में दर्द के कारण उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

# हरमनप्रीत, मंधाना, दीप्ति केंद्रीय अनुबंध की शीर्ष श्रेणी में बरकरार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, उप कप्तान स्मृति मंधाना और हरफनमौला खिलाड़ी दीप्ति शर्मा को सोमवार को ग्रेड ए में बरकरार रखा गया, जो भारतीय क्रिकेट बोर्ड के केंद्रीय अनुबंध की सर्वोच्च श्रेणी है। तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर, ऑलराउंडर जेमिमा रोड्रिग्स, विकेटकीपर ऋचा घोष और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को भी ग्रेड बी में बनाए रखा गया है।

युवा ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल, तेज गेंदबाज टिटास साधु और अरुंधति रेड्डी, ऑलराउंडर अमनजोत कौर और विकेटकीपर उमा छेत्री को पहली बार केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया गया है। उन्हें यास्तिका भाटिया, राधा यादव, स्नेह राणा और पूजा वस्त्राकर के साथ ग्रेड सी में शामिल किया गया है। केंद्रीय अनुबंध में ए श्रेणी में शामिल महिला क्रिकेटर को सालाना 50 लाख, बी श्रेणी की क्रिकेटर को 30 लाख और सी श्रेणी की क्रिकेटर को 10 लाख रुपए मिलते हैं।



**अनुबंध वाले खिलाड़ियों की सूची**

ग्रेड ए : हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा।
ग्रेड बी : रेणुका ठाकुर, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, शेफाली वर्मा।
ग्रेड सी : यास्तिका भाटिया, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, टिटास साधु, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर, उमा छेत्री, स्नेह राणा, पूजा वस्त्राकर।

## स्पेन-फ्रांस पेनल्टी शूटआउट में जीत सेमीफाइनल में पहुंचे

**पेरिस।** गत चैंपियन स्पेन और फ्रांस ने पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज करके नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इन दोनों के अलावा जर्मनी और पुर्तगाल भी अंतिम चार में पहुंचने में सफल रहे। स्पेन ने नीदरलैंड के खिलाफ दूसरे चरण के मैच में तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी करके 3-3 से ड्रॉ खेला। इस तरह से कुल स्कोर 5-5 से बराबर रहा जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया।

शूटआउट में स्पेन के गोलकीपर उनाई सिमोन ने डोनियल मैलेन के प्रयास को नाकाम कर दिया। इसके बाद बार्सिलोना के मिडफील्डर पेड्री ने निर्णायक पेनल्टी किक मारी। इस तरह से स्पेन ने शूटआउट में 5-4 से जीत हासिल की। जर्मनी ने इटली के खिलाफ पहले हाफ में तीन गोल किए लेकिन फिर 3-3 की बराबरी पर रहकर 5-4 के कुल स्कोर से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। पुर्तगाल ने लिस्बन में पहला चरण 1-0 से हारने के बाद अतिरिक्त समय तक चले मैच में डेनमार्क को 5-2 के कुल स्कोर से पराजित किया। फ्रांसिस्को ट्रिनकाओ ने पुर्तगाल के लिए दो गोल किए जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो शुरुआती पेनल्टी चूक गए।

## पुणे में होगा बिली जीन किंग कप का टूर्नामेंट

**पुणे।** बिली जीन किंग कप एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक टूर्नामेंट आठ से 12 अप्रैल तक यहां बालेवाड़ी खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा जिसमें भारत सहित छह टीम शिरकत करेंगी। प्रतियोगिता में अन्य टीमें न्यूजीलैंड, चीनी ताइपे, हांगकांग चीन, कोरिया और थाईलैंड होंगी। टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा जिसमें सभी मुकाबलों में तीन मैच, दो एकल और उसके बाद युगल मुकाबले होंगे।

**प्रेस नोट**

**कार्यालय खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, बेरी।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड बेरी की ग्राम पंचायत धांधलान की पंचायती जमीन लगभग 7.5 एकड को मत्स्यपालन हेतु पटटे पर देने बारे में खुली बोली दिनांक 08/04/2025 को समय 11:00 बजे स्थान श्याम मंदिर धर्मशाला धांधलान में करवाई जानी है। जिसकी निम्नलिखित बातें इस प्रकार हैं:-

1. बोली दिनांक 08/04/2025 को समय 11:00 बजे स्थान श्याम मंदिर धर्मशाला धांधलान में करवाई जाएगी।
2. बोली की सरकारी कीमत 10,000 रूपये प्रति एकड निर्धारित की गई है।
3. पटटे की अवधि कम से कम 8 वर्ष होगी।
4. बोली उपरांत मत्स्य पालक द्वारा तालाब मे भारत सरकार द्वारा प्रतिबधित मछलियों (विदेशी मांगुर सी० गैरिपीनीयस तथा बिग हेड आदि) मछलियां न पाली जाएं अन्यथा पंचायत के पास पटटा रदद् करने का अधिकार होगा।

5 बोली की अन्य शर्ते मौके पर वतलाई जाएगीं।

सरपंच, ग्राम पंचायत धांधलान। | हस्ता/- खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, बेरी।

पीआरडीएच-1028/11/101/2025/33253/88/6 दि. 24.03.25

**कप्तानी में पर्दे के पीछे से निर्णय लेने की अटकलों को किया खारिज**

# प्रासंगिक बने रहने के लिए खुद को रखूंगा अपडेट : धोनी

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



करिश्माई क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी ने ऋतुराज गायकवाड़ को चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी सौंपने के बावजूद पर्दे के पीछे से निर्णय लेने की अटकलों को खारिज किया। धोनी ने कह कि वह इंडियन प्रीमियर लीग में प्रासंगिक बने रहने के लिए खुद को परिस्थितियों के अनुसार ढालने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

धोनी ने कहा, 'बल्लेबाज अब जोखिम लेने को तैयार हैं। अब बल्लेबाजों का मानना है कि उचित क्रिकेट शॉट्स के साथ वे बड़े स्ट्रोक खेल सकते हैं और साथ ही वे अपने शॉट चयन में सुधार कर रहे हैं फिर चाहे वह तेज गेंदबाज के खिलाफ रिवर्स स्कूप हो, स्वीप हो या तेज गेंदबाज के खिलाफ रिवर्स स्वीप हो। मैं उनसे अलग नहीं हूं। मुझे भी खुद को ढालना होगा। जहां मैं बल्लेबाजी कर रहा हूं, वहां मेरे लिए यही जरूरी है। आपको कोशिश करनी होगी और प्रासंगिक बने रहना होगा।

हमने जिस तरह से 2008 में टी20 खेला था और जिस तरह से हम पिछले साल आईपीएल में खेले उसमें बहुत अंतर था। पहले विकेट काफी टर्न लेते थे लेकिन अब भारत के विकेट पहले की तुलना में काफी बेहतर बन गए हैं। यह बल्लेबाजों के लिए अधिक अनुकूल है।'

**सलाह देता हूं पर थोपता नहीं**

चेन्नई ने धोनी के कप्तान रहते हुए पांच आईपीएल खिताब जीते, लेकिन उन्होंने 2024 के सत्र से पहले गायकवाड़ को कमान सौंप दी थी। धोनी ने कहा, 'ऋतुराज काफी समय से हमारी टीम का हिस्सा हैं। उनका स्वभाव बहुत अच्छा है, वह बहुत शांत हैं, बहुत धैर्यवान हैं। इसलिए हमने उन्हें कप्तान के रूप में चुना। मुझे याद है कि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले, मैंने उनसे यह भी कहा था, अगर मैं आपको सलाह देता हूं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आपको इसका पालन करना होगा। मैं जितना संभव हो सके दूर रहने की कोशिश करूंगा। बहुत से लोगों को लगा कि मैं पर्दे के पीछे से फैसले कर रहा था। लेकिन सच तो यह है कि वह 99 फीसदी फैसले ले रहे थे।'

**Government of Haryana/ हरियाणा सरकार**
**District, Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Controller, Kaithal**
**जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियन्त्रक, कैथल**

**श्रम एवं ढुलाई/परिवहन के कार्य हेतु निविदा सूचना।**

रबी व खरीफ सीजन वर्ष 2025-26 के दौरान कैथल जिले की 40 परिवहन कार्य तथा 12 श्रम एवं ढुलाई कार्य की मण्डियों में खाद्यान्न एवं स्टॉक आर्टिकल्ज के श्रम एवं दुलाई व परिवहन के कार्य हेतु सभी खरीद एजेन्सियों के लिए श्रम एवं दुलाई परिवहन ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदाएँ टैण्डर पॉलिसी में बदलाव होने के कारण पुनः आमन्त्रित किये जाते हैं। उपरोक्त निविदाएँ निम्न प्रकार से नीचे वर्णित निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर आमन्त्रित है।

| क्रं. सं. | कार्य का नाम | Calling of Tender | Closing of Tender | Opening of Tenhnical Bid & Checking Documents | Opening of Fincncial Bid, Negotiation & Finalizaton | टैण्डर का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिवहन | 25.03.2025 09:00 AM | 28.03.2025 09:00 AM | 28.03.2025 09:10 AM | 28.03.2025 02:00 PM | कार्यालय हॉल मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद कैथल |
| 2. | श्रम एवं ढुलाई | 25.03.2025 09:00 AM | 28.03.2025 09:00 AM | 28.03.2025 09:10 AM | 28.03.2025 02:00 PM | |

1. विस्तृत जानकारी जिला खाद्य एवं पूर्ति नियन्त्रक, कैथल/जिला प्रबन्धक, हैफड व एच०डबल्यू०सी० कैथल के कार्यालय से प्रातः 9:00 से सांय 5:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में तथा Website https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app से ली जा सकती है।
2. जिला निविदा समिति बिना किसी को कारण बताए किसी भी सभी निविदाओं को स्वीकार रद्ध करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखती है। निविदा समिति द्वारा निविदा की अन्तिम स्वीकृति के पश्चात किसी संचालन हेतु दर की आगे वृद्धि हेतु कोई निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा ।
3. इसके अतिरिक्त टैण्डरदाता द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेजों में से कोई प्रति स्पष्ट नजर नहीं आती है, तो वह दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा ।
4. सभी टैण्डरदात्ता अपने-अपने दस्तावेजों का जो पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे, उनका एक क्रमांक वाईज इन्डैक्स तैयार करके व सभी दस्तावेजों पर पेज नम्बर लगांएगें तथा इन्डैक्स में यह भी दर्शाया जाए कि किस पेज नम्बर पर कौन से दस्तोवज लगाए गए है।

हस्ता/-
जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, कैथल।
दूरभाष नं.-01746-224243

पीआरडीएच-1042/11/100/2025/33216/88/6 दि. 24.03.25

### गाय पर झपटे तो लाठी मारने दौड़े लोग, वीडियो वायरल

# शहर में घुसी चीता फैमिली, भीड़ ने पत्थर मारे कूनो से बाहर निकली ज्वाला और उसके 5 शावक

**श्योपुर (मध्यप्रदेश) (भाषा)।** मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में कुनो राष्ट्रीय उद्यान से एक मादा चीता और उसके चार बच्चे भटककर सोमवार को निकटवर्ती गांवों में पहुंच गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ग्रामीणों ने इनका वीडियो रिकॉर्ड किया, जबकि जानवरों पर नजर रखने वाली वन टीम ने उन्हें जंगल की ओर भगाने की कोशिश की। सोशल मीडिया पर सामने आए कुछ वीडियो में चीता ज्वाला और उसके चार शावक वीरपुर तहसील क्षेत्र में एक निर्माणाधीन रेलवे पुल के पास नजर आ रहे हैं, जबकि कुछ दूरी पर कई ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर खड़े दिखायी दे रहे हैं। एक वीडियो में एक चीता एक बछड़े का शिकार करने की कोशिश करता हुआ दिखाई दे रहा है, लेकिन ग्रामीणों और वन विभाग की टीम ने उसे भगा दिया। तेलीपुरा गांव के खेतों में भी चीतों को देखा गया। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को



जानवरों को गांव से निकल जाने देने की सलाह दी। अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एपीसीसीएफ) और चीता परियोजना के निदेशक उत्तम कुमार शर्मा ने कहा कि चीते भटककर पास के गांवों में पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को डरना नहीं चाहिए, बल्कि जानवरों को निकल जाने देने चाहिए।

### कैग रिपोर्ट पर हंगामा

# केजरीवाल सरकार में कम हुईं बसें, घाटे में गई डीटीसी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता की सरकार ने विधानसभा में डीटीसी की सीएजी रिपोर्ट पेश कर दी है। इस रिपोर्ट के आधार पर बीजेपी ने आम आदमी पार्टी की सरकार के कार्यकाल के दौरान हुई कथित गड़बड़ियों को लेकर सवाल उठाए गए हैं। सीएजी की इस रिपोर्ट में डीटीसी की बसों की घटती संख्या से लेकर राजस्व में हो रहे घाटे का जिक्र किया गया है। सीएजी की इस रिपोर्ट में बताया गया है कि 2021-22 में 660.37 करोड़ रुपये के



कारोबार के साथ रोजाना औसतन 15.62 लाख यात्रियों को ले जाने के बावजूद डीटीसी को लगातार घाटे का सामना करना पड़ रहा है। 2015-2016 MS 2021-22 तक सात साल के ऑडिट में पाया गया कि डीटीसी के पास कोई बिजनेस प्लान या बेंचमार्क नहीं था।

## झारखंड में अगले वित्त वर्ष में जाति आधारित सर्वेक्षण कराया जाएगाः बिरुआ

**रांची (भाषा)।** झारखंड विधानसभा में सोमवार को एक मंत्री ने कहा कि राज्य में अगले वित्त वर्ष में प्रस्तावित जाति आधारित सर्वेक्षण कराया जाएगा। मंत्री ने कहा कि इस कार्य के लिए कार्मिक विभाग को पहले ही नोडल एजेंसी बनाया गया है। परिवहन, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ ने विधानसभा में कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव द्वारा पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा, ₹सरकार राज्य में जाति आधारित सर्वेक्षण कराने को लेकर गंभीर है। इस संबंध में पिछले साल फरवरी में ही निर्णय किया जा चुका है। हम अगले वित्त वर्ष के दौरान सर्वेक्षण कराने के लिए अपना पूरा प्रयास करेंगे।₹ यादव सर्वेक्षण की समय-सीमा के बारे में जानना चाहते थे।

## बरेली में 3 मिनट में 400 सिलेंडर ब्लास्ट, गैस गोदाम में आग लगी

**बरेली (एजेंसी)।** बरेली में सोमवार दोपहर महालक्ष्मी गैस एजेंसी में सिलेंडर फटने से आग लग गई। पलभर में आग ने भीषण रूप ले लिया। 3 मिनट में करीब 400 सिलेंडर में धमाके हुए। आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। धमाका इतना भीषण था कि फटे सिलेंडरों के टुकड़े 500 मीटर दूर जाकर खेतों में गिरे, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई। धमाके की आवाज 3 किमी दूर तक सुनाई दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के घरों को खाली कराया। फायर ब्रिगेड के साथ पुलिस ने करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई है। घटना थाना बिथुरी चैनपुर थाना क्षेत्र में रजऊ परसपुर की है। सुरक्षा के लिहाज से भारी पुलिस फोर्स तैनात है।

## विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा रिटायर जज की अगुआई में एक नेशनल टास्क फोर्स

**नई दिल्ली।** देश के बड़े-बड़े शैक्षणिक संस्थानों और कोचिंग हॉस्टल में बढ़ते स्टूडेंट्स की खुदकुशी के मामले पर सर्वोच्च न्यायालय ने चिंता जाहिर की। कोर्ट ने कैंपस में छात्रों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अगुवाई में एक नेशनल टास्क फोर्स गठित कर दी है। जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने कहा कि पिछले दो महीने में कॉलेज के हॉस्टल में यौन शोषण और अन्य मामलों की वजह से छात्र खुदकुशी कर चुके हैं। 19 मार्च को गुजरात के लॉ यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट की खुदकुशी के मामले का भी जिक्र किया। बेंच में शामिल जस्टिस आर महादेवन ने कहा- हमें सुसाइड के पैटर्न पर चर्चा करनी चाहिए। हमें इस बात की चिंता है कि बहुत सारे छात्र भेदभाव, रैगिंग और यौन शोषण की वजह से जान दे देते हैं।

## रोहिणी में आर्थिक तंगी से परेशान एक व्यक्ति ने पिस्तौल से गोली मार कर आत्महत्या की

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली में रोहिणी के प्रेम नगर इलाके में सोमवार को 38 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपने परिवार के सामने पिस्तौल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान प्रशांत कौशिक के रूप में हुई है, जो खराद की दुकान में काम करता था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, आर्थिक तंगी से जूझ रहा कौशिक सोमवार सुबह घर पर शराब पी रहा था कि तभी उसने अपने सिर के दाहिने हिस्से में गोली मार ली। अधिकारी ने बताया कि कौशिक ने अपनी पत्नी, 13 वर्षीय बेटी और 15 वर्षीय बेटे के सामने आत्महत्या की। पुलिस अधिकारी ने बताया, "वह (कौशिक) वित्तीय समस्याओं के कारण तनाव में था।







## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 67 दिनांक 20.03.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे-**
नाम - प्रवीन
पिता/पति- पुत्र जगबीर
पता - निवासी राजीव कालोनी रोहतक
उम्र 18 वर्ष
कद- 5 फुट 7 ईंच ।
हुलिया. रंग गोरा, गोल चेहरा, भूरी आंखें, हष्ट पुष्ट शरीर।
पहनावा - सफेद व नीले रंग की शर्ट, काली जींस की पैंट व पैरों मे सफेद रंग के जूते पहने हुए।

दिनांक 20.03.25 को प्रवीन पुत्र जगबीर निवासी राजीव कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 8221912252

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 128 दिनांक 21.03.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना शहर रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान बारे-**
नाम - लक्ष्मी
पिता/पति- पत्नी राजेश
पता - निवासी पुराना बस स्टैंड रोहतक
उम्र- 38 वर्ष
कद- 5 फुट ।
हुलिया.- रंग सांवला, गोल चेहरा, सेहतशुदा ।
पहनावा - सूट सलवार पहने हुए।

दिनांक 21.03.25 को लक्ष्मी पत्नी राजेश निवासी पुराना बस स्टैंड रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9728000522

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 129 दिनांक 22.03.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना शहर रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान बारे-**
नाम - अंजली
पिता/पति- पत्नी अंकित
पता - निवासी इंदिरा कालोनी रोहतक
उम्र- 24 वर्ष
कद- 5 फुट ।
हुलिया.- रंग सांवला, गोल चेहरा, सेहतशुदा ।
पहनावा – सूट सलवार पहने हुए।

दिनांक 22.03.25 को अंजली पत्नी अंकित निवासी इंदिरा कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9728000522

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 123 दिनांक 22.03.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे-**
नाम - रवि
पिता/पति- पुत्र गुलाब
पता - निवासी 1023/10 गली नं.-1 न्यू विजय नगर रोहतक
उम्र- 19 वर्ष
कद- 5 फुट 6 इंच ।
हुलिया. - रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर।
पहनावा – टी शर्ट पहने हुए।

दिनांक 22.03.25 को रवि पुत्र गुलाब निवासी 1023/10 गली नं.-1 न्यू विजय नगर रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9466048800

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 69 दिनांक 23.03.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान बारे-**
नाम - पूजा
पिता/पति- पत्नी अजय
पता - निवासी प्याऊ वाली गली किला मौहल्ला रोहतक
उम्र- 32 वर्ष
कद - 5 फुट 2 ईंच ।
हुलिया. - रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा।
पहनावा – काले रंग की पैंट, काली टी शर्ट पहने हुए।

दिनांक 23.03.25 को पूजा पत्नी अजय निवासी प्याऊ वाली गली किला मौहल्ला रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 9467308112

पीआरडीएच-1084/11/3217/2025/33259/88/6 दि. 24.03.25

## चिंतन

# वर्ष के अंत तक टीबी उन्मूलन लक्ष्य कठिन

आज 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस के मौके पर भारत में इस रोग के उन्मूलन की स्थिति की विवेचना जरूरी है। प्रति वर्ष टीबी (क्षय रोग) से 3.20 लाख भारतीयों की मौत होती है। भारत दुनिया में सबसे अधिक ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) प्रभावित देशों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, भारत में हर तीन मिनट में दो लोगों की मौत टीबी के कारण होती है। भारत सरकार लंबे समय से टीबी उन्मूलन का अभियान चला रही है। डब्ल्यूएचओ की 'ग्लोबल ट्यूबरकुलोसिस रिपोर्ट 2024' के अनुसार, 2015 से 2023 के बीच भारत में टीबी मामलों में 17.7 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है, जो वैश्विक औसत 8.3% की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। इसके बावजूद चालू वर्ष 2025 के अंत तक क्षय रोग के उन्मूलन का लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं लगता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है, जो वैश्विक लक्ष्य (2030) से पांच साल पहले का है। विश्व के मल्टीड्रग-रेजिस्टेंट टीबी के 62 फीसदी मरीज भारत में हैं। पिछले छह महीनों में किए गए सर्वे के देश में अनुसार 21% बच्चे (16 वर्ष तक) और 14% वयस्क मामलों में टीबी की पुष्टि हुई है। वहीं, लेटेंट टीबी (जो शरीर में मौजूद होती है लेकिन सक्रिय नहीं होती) के लिए आईजीआरए जांच में 23% बच्चों और 43% वयस्कों में संक्रमण पाया गया। भारत में टीबी के बढ़ते मामलों के मुख्य कारण जानकारी का अभाव, कुपोषण, रहन-सहन में स्वच्छता की कमी आदि हैं। कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग इस बीमारी की चपेट में जल्दी आते हैं। पल्मोनरी टीबी (फेफड़ों में संक्रमण) के अलावा टीबी बैक्टीरिया ब्लड सर्कुलेशन के माध्यम से शरीर के अन्य अंगों में फैलने वाले एक्स्ट्रा-पल्मोनरी टीबी भी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। जल्द जांच और प्रभावी इलाज इससे मुक्ति के उपाय हैं। टीबी की निगरानी और स्क्रीनिंग को और मजबूत किया जाए। टीबी निदान के लिए ट्रिपल-लेयर सत्यापन प्रणाली लागू की जाए। स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाए जाएं ताकि शुरुआती चरण में ही टीबी की पहचान हो सके। सरकार की पोषण सहायता योजना के तहत अप्रैल 2018 से हर टीबी मरीज को 500 रुपये प्रति माह दिए जाते हैं, पर राशि कम है और योजना का क्रियान्वयन प्रभावी नहीं है। सरकार मुफ्त में दवा भी देती है। सीएजी के मुताबिक, 2018-19 से 2022-23 के बीच कुल 2.60 लाख टीबी मरीजों को 72.24 करोड़ का भुगतान बकाया रहा (नवंबर 2022 तक)। टीबी) एक संक्रामक बैक्टीरियल बीमारी है, जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होती है। आमतौर पर यह बीमारी फेफड़ों को प्रभावित करती है। यह शरीर के अन्य हिस्सों को भी प्रभावित कर सकती है। टीबी पीड़ित मरीज के बोलने, खांसने या छींकने के दौरान मुंह या नाक से निकलने वाली ड्रॉपलेट्स से स्वस्थ व्यक्ति भी संक्रमित हो सकता है। दुनिया के कुल टीबी मामलों का लगभग 26 प्रतिशत भारत में हैं। समय पर टीकाकरण, संतुलित आहार, मास्क का उपयोग और टीबी मरीज से दूरी बनाए रखना, संक्रमण के खतरे को कम करने में मदद करता है।। टीबी का अधूरा इलाज न केवल मरीज के लिए खतरनाक होता है, बल्कि यह बीमारी को और भी घातक बना सकता है। इसलिए पूर्ण इलाज जरूरी है। भारत सरकार राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम चला रही है, इसमें जांच व इलाज निःशुल्क है। टीबी उन्मूलन की दिशा में तेजी से प्रयास करने की जरूरत है।

# पंगु हो चुका डब्ल्यूटीओ बच पाएगा?



**विश्लेषण**
प्रो. अश्वनी महाजन

> डब्ल्यूटीओ के गठन से होने वाले लाभों और उसके कारण वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही को देखते हुए अधिकांश अर्थशास्त्री नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यापार को वरदान के रूप में बताते रहे। लेकिन वैश्वीकरण के उस दौर में 'गैट' के तहत किए गए नए समझौतों से होने वाले नुकसानों का या तो ठीक से अध्ययन नहीं किया गया या फिर उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। लेकिन पिछले 8 वर्षों से, जब से डोनाल्ड ट्रंप ने पहली बार अमेरिका के राष्ट्रपति का पद संभाला है, तब से वैश्विक व्यापार के संचालन का एक प्रमुख साधन डबल्यूटीओ अपनी चमक खोता जा रहा है। यूएस की विश्व व्यापार संगठन में कोई रुचि नहीं रह गई है।

90 के दशक में वैश्वीकरण के प्रतीक के रूप में डबल्यूटीओ का जन्म हुआ। कहा गया कि दुनिया एक गांव की तरह है, इसलिए न केवल वस्तुओं और सेवाओं बल्कि पूंजी का भी निर्बाध मुक्त प्रवाह सुनिश्चित किया जाना चाहिए; ताकि सभी देशों के लोगों को सबसे सस्ती वस्तुएं और सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। यह भी कहा गया कि पूंजी का मुक्त प्रवाह और पर्याप्त उपलब्धता विकासशील देशों में भी विकास की संभावनाओं को बेहतर बनाएगी। डबल्यूटीओ की खासियत यह थी कि इसके जरिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार के संचालन को नियम-आधारित बनाया गया। यानी अगर कोई देश डबल्यूटीओ के समझौतों के मुताबिक व्यवहार नहीं कर रहा है, यानी डबल्यूटीओ के नियमों के खिलाफ विदेशों से आने वाले सामानों पर ज्यादा टैरिफ लगा रहा है या बाधाएं या अवरोध लगा रहा है, तो उस देश के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

हालांकि, शुरू से ही विकासशील देश डब्ल्यूटीओ के कथित लाभों को लेकर आशंकित थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि वे टैरिफ और अन्य प्रकार की बाधाओं के माध्यम से अपने उद्योगों और कृषि को विदेशी देशों से अत्यधिक सब्सिडी वाले कृषि उत्पादों से होने वाली प्रतिस्पर्धा से ठीक से बचा नहीं पाएंगे। इतना ही नहीं, ट्रिप्स, ट्रिम्स, सेवाओं और कृषि, खासकर स्वास्थ्य सुरक्षा, कृषि और किसानों की सुरक्षा और उनके उद्योगों की सुरक्षा से जुड़े समझौतों से होने वाले दुष्प्रभावों से अर्थव्यवस्था को बचाना अब संभव नहीं होगा। डब्ल्यूटीओ के गठन से होने वाले लाभों और उसके कारण वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही को देखते हुए अधिकांश अर्थशास्त्री नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यापार को वरदान के रूप में बताते रहे। लेकिन वैश्वीकरण के उस दौर में 'गैट' के तहत किए गए नए समझौतों से होने वाले नुकसानों का या तो ठीक से अध्ययन नहीं किया गया या फिर उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। लेकिन पिछले 8 वर्षों से, जब से डोनाल्ड ट्रंप ने पहली बार अमेरिका के राष्ट्रपति का पद संभाला है, तब से वैश्विक व्यापार के संचालन का एक प्रमुख साधन डबल्यूटीओ अपनी चमक खोता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही जो फैसले लिए हैं, उनसे डबल्यूटीओ के पतन की गति और तेज हो गई है। पूरी दुनिया में डबल्यूटीओ के भविष्य को लेकर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि जो लोग डबल्यूटीओ को मानव कल्याण, विकास और सुचारू विश्व व्यापार का प्रतीक मानते थे, वे अब इस बात पर बहस कर रहे हैं कि डबल्यूटीओ कितनी जल्दी खत्म हो जाएगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि विश्व व्यापार संगठन अब पंगु हो चुका है। विश्व व्यापार संगठन के पंगु होने की प्रक्रिया डबल्यूटीओ के दोहा मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में शुरू हुए दोहा विकास दौर से शुरू हो गई थी। दोहा सम्मेलन में विकासशील देशों ने यह मुद्दा उठाया कि चूंकि विकसित देश आर्थिक रूप से मजबूत हैं, इसलिए असमान व्यापार के कारण विकासशील देशों में विकास प्रक्रिया बाधित होती है। इसलिए विकासशील देशों के विकास को गति देने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों में संशोधन किए जाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही डबल्यूटीओ में दोहा विकास दौर की वार्ता शुरू




हो गई। विकसित देशों की इसमें कोई रुचि नहीं थी और उनकी उदासीनता के कारण दोहा विकास दौर बिना किसी निष्कर्ष के समाप्त हो गया। भारत समेत विकासशील देश डबल्यूटीओ में जो कुछ हो रहा था, उससे स्पष्ट रूप से निराश थे।

यही नहीं कि विकसित देश विकासशील देशों की समस्याओं के प्रति उदासीन थे, अमेरिका को यह लगने लगा था कि उसे डबल्यूटीओ से वह सब मिल गया है जो वह चाहता था। उनके कॉरपोरेट अब पहले से कहीं अधिक रॉयल्टी और तकनीकी शुल्क प्राप्त कर रहे हैं, क्योंकि डबल्यूटीओ की स्थापना के बाद बौद्धिक संपदा व्यवस्था ने ज्यादातर अमेरिका की कंपनियों को तरजीह दी, जिनके पास अधिकांश पेटेंट और अन्य बौद्धिक संपदा अधिकार थे। अमेरिकी कंपनियों को विकासशील देशों में निवेश करने के भरपूर अवसर मिले और अमेरिकी कृषि उत्पादों को विकासशील देशों में अभूतपूर्व बाजार पहुंच मिलनी शुरू हो गई। लेकिन 2001 में चीन के डबल्यूटीओ में प्रवेश और उसके आर्थिक उत्थान के बाद, चीनी माल ने अमेरिकी बाजारों पर कब्जा करना शुरू कर दिया और अमेरिका को चीन के साथ विदेशी व्यापार में भारी व्यापार घाटे का सामना करना पड़ा। अमेरिका ने यह अब यह शिकायत करना शुरू कर दिया कि डबल्यूटीओ की विवाद निपटान प्रणाली के कारण, वह अन्य सदस्य देशों के साथ कई विवादों में हार रहा है। अतीत में, अमेरिका संयुक्त राष्ट्र, विश्व स्वास्थ्य संगठन, विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और कई अन्य संगठनों सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को वित्तीय योगदान देता था। लेकिन, जब से डोनाल्ड ट्रंप पहली बार राष्ट्रपति बने, अमेरिका में यह धारणा बनने लगी है कि अमेरिकी करदाताओं के पैसे से इन संस्थाओं को वित्तपोषित करना अमेरिका के हित में नहीं है। अपनी रणनीति के तहत अमेरिका ने विश्व व्यापार संगठन में न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया में बाधा डाली। इसके कारण विश्व व्यापार संगठन की विवाद निपटान प्रणाली ही लगभग पंगु हो गई। यह सर्वविदित है कि विवाद निपटान प्रक्रिया विश्व व्यापार संगठन की नियम-आधारित प्रणाली का अभिन्न अंग है। इसके कारण अब सदस्य देशों द्वारा विश्व व्यापार संगठन में नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना आसान नहीं रह गया है। यह कहा जा सकता है कि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की उदासीनता के कारण विश्व व्यापार संगठन कमजोर होता जा रहा है।

विश्व व्यापार संगठन के लगातार मंत्रिस्तरीय सम्मेलनों में यह बात स्पष्ट होती रही है कि अमेरिका की विश्व व्यापार संगठन में कोई रुचि नहीं रह गई है। लेकिन ऐसे समय में जब चीन को छोड़कर शेष विश्व समेत विकासशील देश अपने बाजारों में चीनी उत्पादों की भरमार के कारण न केवल औद्योगिक विकास के मामले में नुकसान उठा रहे हैं, बल्कि मुक्त व्यापार और वैश्वीकरण के नाम पर जन स्वास्थ्य और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए कानून बनाने की अपनी स्वतंत्रता या संप्रभुता भी खो चुके हैं और विश्व व्यापार संगठन उनके लिए विश्व बाजारों तक पहुंच का एकमात्र साधन बचा है। ऐसे में वे विश्व व्यापार संगठन के सम्मेलनों में इसे प्रभावी बनाने के लिए लगातार काम करते रहे हैं। लेकिन अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में वापस आने के बाद अब विश्व व्यापार संगठन का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक मुक्त व्यापार व्यवस्था पर सीधा हमला करना शुरू कर दिया है। वही अमेरिका, जो विश्व व्यापार संगठन की बातचीत और गठन में सबसे आगे था; और दुनिया भर में मुक्त व्यापार का सबसे बड़ा पैरोकार था, अब संरक्षणवाद की वकालत कर रहा है; और तर्क देते हुए कि चूंकि दुनिया के अन्य देश उच्च टैरिफ लगाते हैं, इसलिए अमेरिका भी उच्च आयात शुल्क लगाएगा, जिसे

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, डीयू, हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मौसम



सुशील देव

# गर्मी बढ़ने के साथ संकट में घिरने लगी है दिल्ली

पर्यावरणीय असंतुलन और लगातार मौसम में अप्रत्याशित बदलाव की वजह से दिल्ली में गर्मी की आशंका अभी से सताने लगी है। आने वाले दिनों में दिल्ली के तापमान में ज्यादा वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी मानते हैं कि 21 मार्च 2025 से आसमान साफ होने और चटक धूप पड़ने से गर्मी बढ़ेगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 33 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। हालांकि, फिलहाल दिल्ली-एनसीआर में तेज हवाओं के कारण लोगों को भीषण गर्मी से फिलहाल राहत है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों के बाद से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि शुरू होगी, जिससे मार्च महीने के आखिर तक गर्मी का असर बढ़ेगा। इसलिए जल्द ही दिल्लीवासियों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। कहते हैं कि दिल्ली की गर्मी और सर्दी बहुत भयंकर होती है। ऐसे में दिल्ली सरकार पहले से ही सचेत रहना चाहिए। दिल्ली देश की राजधानी है, उस हिसाब से केंद्र सरकार का भी कर्तव्य बनता है कि गर्मी से बचाव के लिए ठोस इंतजाम करना चाहिए।

दिल्ली में गर्मी बढ़ने के साथ ही बढ़ जाती है, पीने के पानी की समस्या। ज्यादातर जगहों पर तो गंदे पानी की समस्या बनी रहती है। ऐसे में जीवन के इस महत्वपूर्ण आवश्यकताओं के मद्देनजर पहले दिल्लीवासियों को साफ पानी की सप्लाई सबसे बड़ा मुद्दा होता है। इस बार भी यही होना है। हर गर्मी में यहां जल संकट की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे निपटने में सरकार असफल हो जाती है। इतना ही नहीं, गर्मी के दौरान कई इलाकों में पानी की भारी कमी होती है, वहीं टैंकरों की आपूर्ति में देरी होती है या भ्रष्टाचार के कारण पानी जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाता। इसलिए पानी की कमी वाले इलाकों में टैंकरों से लोगों तक पानी पहुंचाया जाना चाहिए। साथ ही, सार्वजनिक स्थलों पर ठंडे पानी की टंकियां लगाने की योजना या तो अधूरी रह जाती है या ठीक से लागू नहीं होती। दिल्ली सरकार ने पिछले साल गर्मियों में कई उपाय नहीं कर पाईं थीं। इनमें राजधानी शहर के अंदर पर्याप्त कूलिंग शेल्टर नहीं तैयार होना प्रमुख रहा। ज्ञात हो कि सार्वजनिक स्थानों पर कूलिंग शेल्टर यानी ठंडी छांव, जल सेवा केंद्र, शीतल स्थल बहुत कम हैं। बस स्टॉप, रेलवे स्टेशन और बाजारों में छायादार व्यवस्था की कमी है, जिससे लोग लू का शिकार हो जाते हैं। गर्मियों में एयरकंडीशनर, कूलर और पंखों की जरूरत बढ़ जाती है लेकिन बार—बार बिजली की कटौती होने से भी यहां के निवासियों की समस्याएं बढ़ जाती हैं। हालांकि, बिजली कंपनियों ने दावा किया है कि इस बार बिजली कटौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। गर्मियों में इसबार बिजली की मांग रिकार्ड तोड़ रह सकती है। यह करीब 9 हजार मेगावाट तक पहुंचने की संभावना है।बीआरपीएल के क्षेत्र में 4 हजार मेगावाट, बीवाईपीएल के क्षेत्र में 1900 मेगावाट और टीपीडीडीएल के क्षेत्र में 2562 मेगावाट तक जा सकती है। पिछले साल दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग 8656 मेगावाट रही थी। दिल्ली सरकार को कल—कारखानों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए विशेष राहत प्रदान करने वाली नीतियां बनानी चाहिए। गर्मी के समय में इनके काम के घंटे कम करने या सुरक्षा उपाय देने पर जोर दिया जाना चाहिए। पिछले साल भी इस संदर्भ में ठोस कदम नहीं उठाए गए। लोगों में गर्मियों के प्रति जागरूकता भी बहुत जरूरी है। लोगों को हीट वेव से बचने के उपाय बताने के लिए बड़े पैमाने पर टीवी, रेडियो, सोशल मीडिया पर जागरूकता अभियान चलाने चाहिए थे, लेकिन प्रभावी रूप से ऐसा नहीं किया गया। साथ ही, हीट वेव के लिए कोई एसएमएस अलर्ट सिस्टम नहीं बनाया गया जिससे लोग समय रहते सावधान हो सके। सरकार को दिल्लीवासियों के स्वास्थ्य प्रति भी चिंता कम रही। हीट स्ट्रोक से निपटने के उपायों के तहत अस्पतालों में विशेष वार्ड और आपातकालीन सेवाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं थी। एम्बुलेंस और प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं की कमी के कारण लू से पीड़ित लोगों को समय पर मदद नहीं मिल पाई। कुल मिलाकर दिल्ली सरकार ने कुछ प्रयास जरूर किए, लेकिन वे पर्याप्त नहीं थे। अगर सही योजना और क्रियान्वयन होता, तो गर्मी से होने वाली समस्याओं को कम किया जा सकता था। दिल्ली सरकार को गर्मियों से बचने के लिए हरियाली को बढ़ावा देना चाहिए। इस दिशा में पेड़ों की कटाई पर सख्त प्रतिबंध के साथ नई हरियाली लगाने की गति को तेज करना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए जाएं। सरकारी भवनों, बस स्टॉप और मुख्य सड़कों पर ग्रीन कवर विकसित किया जाना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मन की कड़वाहट मिटाने से समरसता आएगी



संकलित
**दर्शन**

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

# बहरूपियों से हमेशा सतर्क और सावधान रहें



संकलित
**प्रेरणा**

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मनोबल गिराने वाली कार्रवाई

किसी भी देश की सेना उस देश की आन, बान और शान होती है। अपने जीवन को देश की खातिर अर्पित कर, यह सैन्य बल देश की आजादी, अमन–चैन को कायम कर हमें खुली हवा में चैन की सांस लेने और नागरिक समाज को परिवारों सहित देश के भीतर खुशहाल बनाने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर देते हैं। अभी हाल ही में पंजाब राज्य के पटियाला में ऑन ड्यूटी सेवा में रहते हुए एक कर्नल साहब पुष्पेंद्र सिंह बाथ एवं उनके बेटे को पटियाला पुलिस के एक नहीं, बारह पुलिस के जवानों ने मिलकर डंडों से निर्ममता के साथ पिटाई कर अधमरा कर दिया। ऐसा अत्याचार तो कोई दुश्मन देश भी हमारे जवानों को पकड़ने के बाद उन पर नहीं करता। यह कार्रवाई सैन्य बलों का मनोबल गिराने वाली है। दोषियों को दंड मिलना चाहिए।

*– मनोज रावत, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### संरक्षित स्मारक नहीं



उत्तर प्रदेश के एटा लोकसभा क्षेत्र में स्थित महाकवि तुलसीदास और अमीर खुसरो की जन्मस्थलियां भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकार के तहत 'संरक्षित स्मारक नहीं हैं व किसी योजना में इनके विकास एवं संरक्षण का प्रस्ताव नहीं है।

**-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री**

### सरकार सहयोग कर रही



जम्मू कश्मीर में आतंकवाद को समाप्त करना जनता के समर्थन के बिना संभव नहीं है। निर्वाचित सरकार प्रयास कर रही है और उपराज्यपाल का सहयोग कर रही है ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे और शांति बनी रहे।

**-उमर अब्दुल्ला, सीएम, जेएंडके**

### नारायण गुरु के विचार अहम



शिक्षा के माध्यम से प्रबुद्ध बनें, संगठन के माध्यम से मजबूत बनें, और कड़ी मेहनत के माध्यम से समृद्ध बनें। - श्री नारायण गुरु के विचार। गुरु ने पिछली सदी में जाति व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व किया था।

**-राजीव चंद्रशेखर, पूर्व केंद्रीय मंत्री**

### भाजपा का फर्जी मुद्दा



भाजपा आज संसद को स्थगित कराने के लिए कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण और शिवकुमार के कथित बयान के रूप में एक पूरी तरह से फर्जी मुद्दा लेकर आई, ताकि न्यायमूर्ति वर्मा प्रकरण पर चर्चा न हो।

**-जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव**

## करंट अफेयर

# अदालत ने हान के खिलाफ महाभियोग किया खारिज



दक्षिण कोरिया की संवैधानिक अदालत ने देश के प्रधानमंत्री हान डक–सू के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को सोमवार को खारिज कर दिया और देश के दूसरे नंबर के नेता को कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में बहाल कर दिया लेकिन राष्ट्रपति यून सूक येओल के खिलाफ महाभियोग पर अभी फैसला नहीं सुनाया गया है। पिछले साल दिसंबर में मार्शल लॉ लागू करने के कारण यून के खिलाफ 'नेशनल असेंबली' द्वारा महाभियोग प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद हान कार्यवाहक राष्ट्रपति बने थे। देश में मार्शल लॉ लागू किए जाने के कारण एक बड़ा राजनीतिक संकट पैदा हो गया था। विपक्षी सांसदों के साथ राजनीतिक संघर्ष के बाद सदन में दिसंबर के अंत में हान के खिलाफ भी महाभियोग का प्रस्ताव पारित किया गया। संवैधानिक अदालत ने सोमवार को कहा कि उसने हान के खिलाफ महाभियोग को रद्द करने का फैसला किया है, लेकिन यून के खिलाफ महाभियोग पर अभी फैसला आना बाकी है। अगर अदालत यून के खिलाफ महाभियोग को बरकरार रखती है तो दक्षिण कोरिया को नए राष्ट्रपति के लिए चुनाव कराना होगा। अगर अदालत उनके पक्ष में फैसला सुनाती है तो यून को पद पर बहाल कर दिया जाएगा और उन्हें राष्ट्रपति पद की शक्तियां वापस मिल जाएंगी।

## ऑफ बीट

# अल्जाइमर का रक्त परीक्षण से चल सकता है जल्दी पता



किसी व्यक्ति में अल्जाइमर रोग का निदान करने के लिए इन सभी लक्षणों का मौजूद होना जरूरी नहीं है, हालांकि मस्तिष्क में एमाइलॉइड–बीटा प्लाक और/या तो उलझनों की उपस्थिति आवश्यक है। इसके विपरीत, कुछ लोगों में बायोमार्कर परिवर्तन हो सकते हैं लेकिन कभी भी अल्जाइमर रोग के लक्षण विकसित नहीं हो सकते हैं। चूँकि मस्तिष्क में अन्य लक्षण प्रकट होने से वर्षों पहले रक्त में इन बायोमार्कर परिवर्तनों का पता लगाया जा सकता है, यह अल्जाइमर रोग का निदान करने का एक तेज़ और कम आक्रामक तरीका प्रदान कर सकता है। रक्त परीक्षण वर्तमान में खरीद के लिए उपलब्ध अधिकांश रक्त परीक्षण रक्त में दो अलग–अलग प्रकार के अमाइलॉइड–बीटा को मापते हैं: अमाइलॉइड–बीटा 42 और अमाइलॉइड–बीटा 40 । फिर इन दो प्रोटीनों के बीच अनुपात की गणना की जाती है। यह अनुपात जितना कम होगा, व्यक्ति में अमाइलॉइड प्लाक और इसलिए अल्जाइमर रोग होने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। ऐसा ही एक परीक्षण, प्रीसीविटीएडी, डॉक्टरों द्वारा अमेरिका में अल्जाइमर के लक्षण प्रदर्शित करने वाले लोगों में उपयोग करने के लिए अनुमोदित किया गया है, और इसे यूरोपीय संघ में उपयोग के लिए सुरक्षित माना गया है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### जशोदाबेन ने बांकेबिहारी से मांगा आशीर्वाद

**मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पत्नी जशोदाबेन शनिवार की देर शाम ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर पहुंचीं। ठाकुर बांकेबिहारीजी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। दर्शन के बाद उन्होंने बाजार में ठाकुरजी की पोशाक की भी खरीदारी की। पुलिस ने मंदिर के वीआईपी कटघरे में उन्हें पहुंचाया। परिवार के पांच सदस्यों के साथ मंदिर पहुंचीं जशोदाबेन को मंदिर सेवायतों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजा-अर्चना करवाई और ठाकुरजी का प्रसादी अंगवस्त्र और प्रसाद भेंट किया। पूजन कर देश के सुख समृद्धि की कामना की।



### मुर्मू ने श्री नीलमाधव मंदिर में पूजा की



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के नयागढ़ जिले में श्री नीलमाधव मंदिर में सोमवार को पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति के साथ ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी मौजूद थे। श्री नीलमाधव मंदिर महानदी के तट पर कांतिलो में स्थित है।मंदिर के पुजारी ने कहा, राष्ट्रपति ने आरती की। वह प्रसिद्ध भगवान विष्णु मंदिर में पूजा-अर्चना कर के प्रसन्न थीं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में पहली बार किसी राष्ट्रपति ने इस मंदिर में पूजा-अर्चना की है।
श्री नीलमाधव मंदिर दो पहाड़ियों के पास स्थित है और घने जंगलों से घिरा हुआ है। प्राचीन काल में सबर जनजाति श्री नीलमाधव की पूजा करती थी।

## डीके शिवकुमार के 'संविधान बदलने' वाले कथित बयान पर रार

# कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण को लेकर संसद में हंगामा, कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली (भाषा)।** कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण और उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ, जिसके कारण सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों ने कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा सरकारी ठेकों में मुस्लिम समुदाय को चार फीसदी आरक्षण दिए जाने का मुद्दा उठाने का प्रयास किया तो समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसदों ने उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा से जुड़े विषय को लेकर हंगामा किया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के 'संविधान बदलने' वाले एक कथित बयान का उनका नाम लिए बगैर हवाला देते हुए कहा कि यदि कांग्रेस संविधान में विश्वास करती है तो उसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को बर्खास्त करना चाहिए। इन दोनों विषयों पर हंगामे के चलते पहले लोकसभा की कार्यवाही बार बार बाधित होती रही।





### कभी नहीं बदला जाएगा संविधान : खरगे

राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने स्पष्ट रूप से कहा कि संविधान को कभी बदला नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से संविधान की रक्षा करती आई है और आगे भी करती रहेगी। खरगे ने डीके शिवकुमार के मुस्लिम आरक्षण पर दिए बयान को लेकर सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है।

### राज्यसभा में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हुआ

कर्नाटक विधानसभा में मुसलमानों को सरकारी ठेकों में चार फीसदी आरक्षण देने के प्रावधान वाले एक विधेयक के पारित होने को लेकर विरोध जता रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सदस्यों के हंगामे के कारण राज्यसभा की बैठक सोमवार को शुरू होने के दस मिनट बाद ही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे की वजह से उच्च सदन में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो पाया। सदन की बैठक शुरू होते ही भाजपा सदस्यों ने आरक्षण का मुद्दा उठाया और हंगामा करने लगे। हंगामे के बीच ही संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि जो लोग संविधान के रक्षक होने का दावा करते हैं, वे लोग संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। सदन के नेता एवं केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने कहा कि बहुत दुख के साथ यह कहना पड़ रहा है कि जो लोग खुद को संविधान का रक्षक बताते हैं, उनकी सोच बिल्कुल उनके दावे के विपरीत है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक विधानसभा में मुसलमानों को सरकारी ठेकों में चार फीसदी आरक्षण देने के प्रावधान वाला एक विधेयक पारित हुआ है। उन्होंने कहा, ''इतना ही नहीं, वहां के उप मुख्यमंत्री ने बयान दिया है कि अगर जरूरत पड़ी तो संविधान में बदलाव किया जाएगा।'' नड्डा ने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर ने धर्म के आधार पर आरक्षण का विरोध किया था।

### रमेश ने नड्डा, रीजीजू के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया

राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने सोमवार को सदन के नेता जेपी नड्डा एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया, जिसमें कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार द्वारा दिए गए कथित बयानों को लेकर सदन को 'गुमराह' करने का आरोप लगाया गया है। रमेश ने राज्यसभा के कामकाज संबंधी नियम 188 के तहत दो अलग-अलग नोटिस दिए। उन्होंने कहा कि रीजीजू ने 'गलत बयानों' का हवाला देकर सदन को 'गुमराह' किया।

### मुस्लिम आरक्षण के वास्ते संविधान बदलने की बात नहीं कही : शिवकुमार

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने राज्य में मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था करने के लिए संविधान में बदलाव करने के संबंध में अपने द्वारा कोई भी बयान दिए जाने का सोमवार को खंडन किया और दावा किया कि उनकी बात को गलत तरीके से पेश किया गया। शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मैं एक संवेदनशील वरिष्ठ नेता हूं...मैं पिछले 36 वर्षों से विधानसभा में हूं। मेरे पास बुनियादी समझ है। मैंने ऐसा कुछ नहीं कहा।

### लगता है कि सत्तापक्ष ने सदन नहीं चलाने का मन बना लिया : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने लोकसभा और राज्यसभा में गतिरोध को लेकर सोमवार को कहा कि लगता है कि सत्तापक्ष ने सदन नहीं चलाने का मन बना लिया है। प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं के प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा, ''ऐसा लगता है कि उन्होंने (सत्तापक्ष ने) मन बना लिया है कि सदन नहीं चले। अब कई दिन हो गए हैं और वे हंगामा खड़ा करने का कोई न कोई बहाना ढूंढ़ ही लेते हैं।' प्रियंका ने कहा ने यह सरकार कोई भी जवाबदेही लेने को तैयार नहीं है।

## नागपुर हिंसा : आरोपियों के घर गिराने पर रोक

**नागपुर (एजेंसी)।** नागपुर हिंसा मामले के मुख्य आरोपी फहीम खान, यूसुफ शेख सहित उनके साथियों के घर पर बुलडोजर एक्शन पर बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने सोमवार को रोक लगा दी। हाईकोर्ट ने संपत्ति मालिकों की सुनवाई न होने पर भी चिंता जताई। कोर्ट ने राज्य सरकार और नगर निगम अधिकारियों को जवाब देने का निर्देश दिया है। आरोपियों की याचिका पर मामले की अगली सुनवाई 15 अप्रैल को होगी। दरअसल, फहीम खान के घर पर आज बुलडोजर चलाया गया था। यूसुफ शेख के घर का अवैध निर्माण भी तोड़ा गया था। नागपुर नगर निगम ने संजय बाग कॉलोनी, यशोधरा नगर में मौजूद फहीम के मकान का अवैध निर्माण हटाने के लिए रविवार को 24 घंटे का समय दिया था, जो सोमवार को पूरा हो गया था। फहीम का मकान उसकी पत्नी के नाम पर है। नगर निगम ने इसकी बिल्डिंग परमिशन अप्रूवल में गड़बड़ी को लेकर कार्रवाई का नोटिस दिया था।

- राज्य सरकार और बीएमसी से जबाव मांगा, फहीम-युसुफ पर 500 दंगाइयों को भड़काने का आरोप

### औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर भड़की हिंसा

नागपुर में 17 मार्च को औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर विवाद के बाद हिंसा हुई है। इसके मास्टरमाइंड फहीम समेत 6 आरोपियों के खिलाफ देशद्रोह का केस दर्ज है। फहीम पर 500 से ज्यादा दंगाइयों को इकट्ठा करने और हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप है। माइनॉरिटीज डेमोक्रेटिक पार्टी के शहर अध्यक्ष फहीम खान को दंगा और आगजनी की घटनाओं के दो दिन बाद 19 मार्च को गिरफ्तार किया गया था।

## हैदराबाद में चलती ट्रेन में युवती से दुष्कर्म की कोशिश, ट्रेन से कूदी, अस्पताल में भर्ती

**हैदराबाद (एजेंसी)।** युवती के साथ चलती ट्रेन में रेप करने की कोशिश की गई। खुद को बचाने के लिए युवती चलती ट्रेन से कूद गई। जिसके बाद वह घायल हो गई। पीड़ित का इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना 22 मार्च की शाम को कोमपल्ली के पास रात करीब 8:15 बजे हुई। हुई जब युवती हैदराबाद के सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन से मेडचल जाने वाली एमएमटीसी ट्रेन के महिला कोच में अकेले यात्रा कर रही थी। युवती ने पुलिस को बताया कि कोच में यात्रा कर रही दो महिला यात्री अलवल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतर गई। उसके बाद मैं कोच में अकेली यात्री थी। तभी करीब 25 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति मेरे पास आया और गंदी हरकत करने लगा। मना करने पर उसने जबरदस्ती करने की कोशिश की। अपने आप को बचाने के लिए मैं चलती ट्रेन से कूद गई। जीआरपी पुलिस के अनुसार युवती के सिर, ठोड़ी, दाहिने हाथ और कमर पर खून बहने के निशान थे और बाद में कुछ राहगीरों ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

## पंजाब पुलिस ने मादक पदार्थ-आतंकी हवाला नेटवर्क को किया ध्वस्त, 11 लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (भाषा)।** पंजाब पुलिस के मादक पदार्थ निरोधक कार्य बल (एएनटीएफ) ने केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग से 11 लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 5.09 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा बरामद की है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसी के साथ ही पुलिस ने एक 'मादक पदार्थ आतंक हवाला नेटवर्क' को ध्वस्त किया है, जिस गिरोह का सरगना, पाकिस्तानी मादक पदार्थ के तस्कर के संपर्क में पाया गया है। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थ के पांच तस्कर, इस तस्करी से होने वाली कमाई का हवाला के जरिए पहुंचाने वाले तीन लोगों और तीन हवाला कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया। पंजाब सरकार द्वारा शुरू किए गए मादक पदार्थ विरोधी अभियान 'युद्ध नशियां विरुद्ध' से मादक पदार्थ की तस्करी के गिरोह को यह बड़ा झटका लगा है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मादक पदार्थ के गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान अमृतसर के राम तलाई निवासी हरजिंदर सिंह उर्फ अजय (26), अमृतसर की गुरु नानक कॉलोनी के हरमनजीत सिंह उर्फ हैरी (27), अमृतसर के छेहरटा निवासी सागर (28), हुसनपुरा के कलां बटाला निवासी लवदीप सिंह (30) उर्फ लाला और अमृतसर के कक्कड़ निवासी हरभज सिंह (30) उर्फ भेजा के रूप में हुई।

### किसी को नहीं मिलेगा रोजगार

## आरएसएस देश का एजुकेशन सिस्टम खत्म कर रहा : राहुल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अगुआई में सोमवार को जंतर-मंतर पर इंडी गठबंधन के छात्र संगठनों ने देशभर में बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर प्रदर्शन किया। छात्र संगठन नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी), नियुक्तियों पर यूजीसी के प्रस्तावित दिशा-निर्देशों को वापस लेने और छात्र संघों को बहाल करने की मांग कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि देश में सबसे बड़ा मुद्दा रोजगार का है और सरकार इस मुद्दे पर चुप है। राहुल बोले हम छात्र हितों से समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि आरएसएस देश के एजुकेशन सिस्टम को खत्म कर रहा है और आने वाले वक्त में किसी को रोजगार नहीं मिलेगा। राहुल ने कहा, एक संगठन हिंदुस्तान के भविष्य को, एजुकेशन सिस्टम को खत्म करने में लगा है। उसका नाम आरएसएस है। सच्चाई है कि हमारा शिक्षा का सिस्टम धीरे-धीरे उनके हाथों में जा रहा है।

### बेरोजगारी पर बात नहीं होती

राहुल ने कहा, ये आपकी जिम्मेदारी है कि छात्रों को बताया जाए कि यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर आरएसएस के हैं। आने वाले समय में सभी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर आरएसएस के नॉमिनेशन से बनेंगे। ये देश के लिए खतरनाक है। हमें इसे रोकना होगा। राहुल बोले, कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री ने कुंभ पर भाषण दिया। इस पर बोलना अच्छा है, लेकिन आपको भविष्य पर भी बात करनी चाहिए। बेरोजगारी पर बात करनी चाहिए, जो देश के युवाओं को बेरोजगार किया जा रहा है, उस पर बात करनी चाहिए।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा

**खुली निविदा संख्या 67–अम्बाला/2024–25 दिनांक 24.03.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/बीटीआई के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एल/बीटीआई अनुभाग में बीएनएन और बीटीआई में रेलवे कॉलोनी में ट्यूबवेल का प्रावधान। | 60,52,587 | 1,21,100 | 04 महीने | 16.04.2025 |
| 2 | डीयूआई–बीटीआई मार्ग पर लेवल क्रॉसिंग संख्या सी–137 और बीटीआई–एसजीएनआर मार्ग पर सी–8, 12, 18, 19, 20, 23, 29 पर रबड़युक्त सतह का कार्य। | 1,90,86,452 | 2,45,400 | 06 महीने | 16.04.2025 |
| 3 | (01) एडीईएन/यूएमबी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/आरवी/यूएमबी अनुभाग में रेल विहार कॉलोनी में सेवा भवन का उन्नयन, (02) सीनियर डीईएन/।/यूएमबी के अधीन अधिकारी विश्राम गृह का उन्नयन (03) लेखा कार्यालय/यूएमबी के रिकॉर्ड रूम (पेंशन और सामान्य) में फाइलिंग कॉम्पैक्टर, फाइलिंग कैबिनेट और सिविल इंजीनियरिंग कार्य का प्रावधान। | 1,20,24,211 | 2,10,100 | 06 महीने | 16.04.2025 |
| 4 | एडीईएन/पीटीए के अधीन SSE/W/SAG के सेक्शन में रनिंग ट्रैक के नीचे बॉक्स पुशिंग तकनीक द्वारा जेएचएल–एचएसआर सेक्शन पर स्टेशन जेपीएस–यूकेएन के बीच नहर पुल संख्या 19–ए से सटे किमी 21/16–17 पर जलापूर्ति के लिए आरसीसी बॉक्स चैनल का प्रावधान। | 1,56,86,788 | 2,28,400 | 06 महीने | 16.04.2025 |

**नोट :–** 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–।।।) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **915/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शुद्धिपत्र

## कार्यालय जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, भिवानी

### वर्ष 2025-26 के लिए श्रम एवं ढुलाई तथा परिवहन अनुबंधों हेतु पुनः ई-निविदा सूचना

उपायुक्त, भिवानी की अध्यक्षता के तहत खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, एफसीआई, हैफेड और एचडब्ल्यूसी के सम्बन्ध में निविदा कमेटी की उपस्थिति में वर्ष 2025–26 हेतु **बवानी खेड़ा, बहल, भिवानी, चांग, धनाना, ढिगावा, जुई, लोहारू, सिवानी, तोशाम और खरक कलां मण्डियों** के लिए परिवहन कार्य और श्रम एवं ढुलाई कार्यों हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं निविदा बंद होने की तिथि 24.03.2025 को अप. 2.00 बजे थी जिसे एमटीसी / एमएलसी नीति में संशोधन के कारण निम्नानुसार बढ़ा दिया गया है :–

| कार्य | निविदा का आमंत्रण | निविदा की अन्तिम तिथि | तकनीकी बोली का खुलना | वित्तीय बोलियों का खुलना और डीएलटीसी द्वारा निविदा को अन्तिम रूप देना | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| श्रम एवं ढुलाई | 19.03.2025 अप. 12.00 बजे | 25.03.2025 अप. 12.00 बजे | 25.03.2025 अप. 2.00 बजे | डीएलटीसी के निर्णय के अनुरूप | डीआरडीए हॉल, एडीसी कार्यालय भिवानी |
| परिवहन | 19.03.2025 अप. 12.00 बजे | 25.03.2025 अप. 12.00 बजे | 25.03.2025 अप. 2.00 बजे | डीएलटीसी के निर्णय के अनुरूप | डीआरडीए हॉल, एडीसी कार्यालय भिवानी |

1. निविदा प्रपत्र और विस्तृत नियम एवं शर्तें इस विभाग की वेबसाइट अर्थात https://etenders.hry.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
2. किसी पूछताछ / समस्या के मामले में, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, भिवानी / जिला भिवानी की अधिप्राप्ति करने वाली एजेंसियों के जिला प्रबंधक से सम्पर्क किया जा सकता है।
3. मार्केटिंग सीजन वर्ष 2025–26 हेतु रबी और खरीफ के दौरान खरीदे गये गेहूं, धान, खाद्यान्न, दालें, सरसों, बाजरा, मोटा अनाज और अन्य वस्तुओं के अधिप्राप्ति आंकड़े (यदि आवश्यक हो), सम्बद्ध एजेंसी से किसी भी कार्यदिवस को प्राप्त किये जा सकते हैं।
4. जिला निविदा कमेटी बिना कोई कारण बताए किसी / सभी निविदाओं को स्वीकार / निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। निविदा कमेटी द्वारा निविदा की अन्तिम स्वीकृति के पश्चात, किसी प्रचालन हेतु दर की आगे बढ़ौतरी के लिये कोई आग्रह स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(अनिल कालरा)
जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, भिवानी

पीआरडीएच–1042/11/97/2025/33198/88/6 दि. 24.03.25

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | बालग्राम राई जिला सोनीपत के हॉल में ऑडियो विडियो प्रणाली का प्रावधान + 2 कार्य। | 22.03.2025<br>02.04.2025 | 17.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696<br>pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज खण्ड बोंद कलां | गांव अचीना में शैड का निर्माण (झिल्ली पाना चौपाल) + 3 कार्य। | 21.03.2025<br>28.03.2025 | 44.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275<br>xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव पंडवान ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में अम्बेडकर भवन का निर्माण + 3 कार्य। | 20.03.2025<br>26.03.2025 | 70.363 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275<br>xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, झज्जर | जलापूर्ति तकनीकी. उपमंडल सं. झज्जर की रइया माइनर में पानी डालने हेतु गांव गवालिसन में एक अदद वीटी पम्प सैट क्षमता 5 सीएस और 2 अदद वीटी पम्प सैट्स 5 सीएस क्षमता वाले गांव बम्बुलिया कापरवास लिंक ड्रेन में पानी डालने हेतु की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग तथा जलापूर्ति तकनीकी डिवीजन झज्जर में 13 अन्य कार्य + 13 अन्य कार्य। | 20.03.2025<br>27.03.2025 | 1012.96 लाख | www.hid.gov.in | 9896786329<br>xenmechjjr@gmail.com |
| 5 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड़ नूंह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नलहड़ में 42 अदद लिफ्टों का सामुहिक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी)। | 26.03.2025<br>06.04.2025 | 5.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007<br>tendergmcmewat@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2025/100/33241/I/88/6 दि. 24.03.25

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पंकज लांबा, पुत्रः दर्शन सिंह लांबा, पताः म. नं. 254, गांव धारोली, जिला झज्जर, हरियाणा** ने **FIR No. 705/24, dated 03.12.24, U/s 498A/406/304B/34 IPC, पुलिस थाना पालम गांव, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **पंकज लांबा** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **पंकज लांबा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 705/24, dated 03.12.24, U/s 498A/406/304B/34 IPC, पुलिस थाना पालम गांव, नई दिल्ली** के अभियुक्त **पंकज लांबा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.04.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सौरभ गोयल**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01**
**दक्षिण–पश्चिम जिला, कमरा नं. 513**
**द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/3501/SW/2025**

## निलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक व इसके अधीन आने वाले बस स्टैण्ड सांपला, कलानौर की दुकानों की आम सार्वजनिक नीलामी दिनांक 20.03.2025 की रोहतक बस स्टैण्ड पर कर्मशाला प्रांगण में की गई थी। अब जो दुकानें दिनांक 20.03.2025 को नीलाम नहीं हुई अब उन बची हुई दुकानों की आम सार्वजनिक बोली पुनः दिनांक 26.03.2025 को बस स्टैण्ड रोहतक परिसर में खुली बोली के माध्यम से दुकानों की नीलामी वर्ष 2025-2028 तक के लिए की जाएगी। इस कार्यालय में महम बस स्टैण्ड में खाली जमीन पर फ्रूट जूस दुकान/वीटा मिल्क बूथ लगाने के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है। महम बस स्टैण्ड पर खाली जगह पर दुकानें लेने के लिए इच्छुक कोई और व्यक्ति महम बस स्टैण्ड पर फ्रूट जूस दुकान/वीटा मिल्क बूथ लगाना चाहता है तो वह दिनांक 26.03.2025 को बस स्टैण्ड रोहतक परिसर में खुली बोली के माध्यम से दुकानों की नीलामी वर्ष 2025-2028 तक के लिए आम सार्वजनिक बोली लगा सकता है। दुकानों का विवरण व पालिसी किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक से प्राप्त किये जा सकते हैं।

पीआरडीएच-1119/11/612/2025/32212/88/6 दि. 24.03.25

## महिला एवं बाल विकास विभाग

**कमरा नं. 216, द्वितीय तल, जिला विकास भवन, रोहतक**
**फोन नं. 01262-252920**

### विज्ञापन

पोक्सो अधिनियम की धारा 39 के अंतर्गत समर्थित व्यक्तियों के संबंध में आदर्श दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को जारी निर्देशों के अनुसार समर्थित व्यक्ति के पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्रमांक | जिला | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | रोहतक | पोक्सो मामलों के लिए समर्थित व्यक्ति | 08 (06 महिलाओं के लिए आरक्षित और 02 पुरुषों के लिए आरक्षित) |

**योग्यताएं–** सामाजिक कार्य या समाजशास्त्र या मनोविज्ञान या बाल विकास में स्नातकोत्तर उपाधि या बाल शिक्षा एवं विकास या संरक्षण मुद्दों में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव रखने वाला स्नातक। पॉक्सो नियम 2020 के नियम 5(6) के अनुसार इसमें बाल अधिकार या बाल संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय रूप से लगे संगठन भी शामिल हो सकते हैं। गैर सरकारी संगठनों से आवेदन आमंत्रित करने के लिए अलग से विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा। बाल गृह और आश्रय गृह से जुड़ा एक अधिकारी जो बच्चे की कस्टडी के लिए जिम्मेदार हो। अगर वह अपने कर्तव्यों के अलावा काम करेगा तो उसे समान वेतन दिया जाएगा।

**आयु–** 25 से 42 वर्ष

**न्यूनतम वेतन–** न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के तहत उच्च कुशल श्रमिक के लिए निर्धारित राशि के अनुसार 600 रुपए प्रतिदिन।

**यात्रा भत्ताः–** उसे वास्तविक सामान्य बस/ट्रेन किराया या रुपए के अनुसार प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी। स्वयं के वाहन/निजी टैक्सी/वाहन द्वारा यात्रा के लिए 9/– प्रति किलोमीटर लेकिन सीडब्ल्यूसी द्वारा विधिवत सत्यापित बिल प्रस्तुत करने पर एक दिन में अधिकतम 25 किमी.

**प्रति माह यात्राओं की संख्या :–** वह प्रतिदिन कई यात्राएं कर सकता है लेकिन प्रतिदिन की दर से वेतन मिलेगा और अधिकतम 20 दिनों के लिए वेतन दिया जा सकता है।

**नियम और शर्तें–** समर्थित व्यक्तियों को शुरू में तीन साल की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा जिसकी समीक्षा डीसीपीओ द्वारा की जाएगी और चयन समिति की सिफारिश के आधार पर वार्षिक आधार पर तीन साल से आगे बढ़ाया जाएगा। यदि समर्थित व्यक्ति समय पर रिपोर्ट नहीं करता है या गलत रिपोर्टिंग करता है तो उसे कार्यकाल के दौरान बिना किसी नोटिस के कभी भी हटाया जा सकता है।

**महत्वपूर्ण टिप्पणी :**

1. प्रत्येक उम्मीदवार को निम्नलिखित बिंदुओं के साथ हलफनामा प्रस्तुत करना होगा :
   - उसका कोई पिछला दोषसिद्ध रिकॉर्ड नहीं है।
   - वह किसी भी अनैतिक कार्य या बाल शोषण या बाल श्रम के रोजगार में शामिल नहीं रहा है।
   - किसी भी एजेंसी/न्यायालय में उसके खिलाफ कोई जांच लंबित नहीं है
   - आवेदक बाल अधिकारों या मानवाधिकारों के उल्लंघन का कोई पिछला रिकॉर्ड नहीं दिखाता है।
   - उसको हरियाणा का मूल निवासी होना चाहिए
   - वह जिला रोहतक का निवासी होना चाहिए
2. आवेदक अपने आवेदन पंजीकृत डाक के माध्यम से या दस्ती रूप से निर्धारित प्रारूप पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी के कार्यालय यानी कमरा नंबर 216, दूसरी मंजिल जिला विकास भवन रोहतक-124001 में 15-04-2025 को शाम 5.00 बजे तक या उससे पहले सहायक दस्तावेजों यानी शैक्षणिक योग्यता और अनुभव प्रमाण पत्र आदि के साथ जमा कर सकते हैं।
3. विभाग उम्मीदवार को बिना किसी पूर्व सूचना के अधूरे आवेदन पत्र को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
4. किसी भी तरह से अपूर्ण आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे

### ............... के पद हेतु आवेदन प्रपत्र

i. पद का नाम :–
ii. उम्मीदवार का नाम :
iii. पिता / पति का नाम :
iv. स्थायी पता :
v. पत्राचार का पता :
vi. मोबाइल नम्बर :
vii. ई–मेल आईडी :
viii. जन्म तिथि (हाई स्कूल के प्रमाण-पत्र के अनुसार) :
ix. आज की तिथि में वर्तमान आयु (YY-MM-DD) :
x. शैक्षणिक योग्यताएं :

पासपोर्ट साइज फोटो

| क्र. सं. | विषय सहित शिक्षा (मैट्रिकुलेशन से आगे) | स्कूल / विश्वविद्यालय का नाम | प्राप्त अंक | कुल अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

ix. अनुभव

| क्र. सं. | संस्थान का नाम | पद का नाम | अवधि (से तक) | कुल अवधि (वर्ष, महीने और दिन) | | | जॉब का उत्तरदायित्व | लिया गया अन्तिम वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | वर्ष | महीने | दिन | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

घोषणा :– ''मै एतद द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरे दिये गये उपरोक्त सभी बयान मेरे अधिकतम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य व पूर्ण है और यदि किसी भी समय गलत पाये जाते हैं, तो उसका मैं उत्तरदायी रहूंगा और नियुक्ति अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह मेरी सेवाओं को बर्खास्त और कोई अन्य उचित कार्यवाही कर सकता है।''

स्थान :
दिनांक : आवेदक के हस्ताक्षर
टिप्पणी :
* आवेदकों के लिए सभी मूल दस्तावेज और मूल दस्तावेजों की छायाप्रतियों का एक सैट साथ लाना आवश्यक होगा जो वह जमा करवाना चाहता है।
* सभी कॉलम भरने आवश्यक है।

पीआरडीएच–1225/11/95/2025/33204/88/6 दि. 24.03.25

## एडीए के अधिकारी का बड़ा दावा

# भारत में बन रहे एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, अमेरिका व चीन की छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को 'मात' देने में हैं सक्षम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) के अधिकारी का दावा है कि छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को लेकर इतना ज्यादा प्रचार हो रहा है, जिसने भारत के 5.5 पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) को ओवरशैडो कर दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन अपने छठी पीढ़ी लड़ाकू विमानों का जितना प्रचार कर रहे हैं।

असलियत उससे काफी अलग है। जो खूबियां छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट को एडवांस बनाते हैं, वो एएमसीए में भी होने वाले हैं। एएमसीए भारत का 5.5 पीढ़ी का लड़ाकू विमान है, जो साल 2028 तक अपनी पहली उड़ान भरेगा। अधिकारी ने कहा कि एएमसीए में भी वो खूबियां होंगी, जो छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों में बतलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान में चुनिंदा खूबियां होंगी। दूसरे देशों के फाइटर जेट एएमसीए जितने सक्षम और एडवांस नहीं होंगे।

उन्होंने कहा कि एएमसीए भारत की महत्वकांक्षाओं की भावी योजना को दिखाता है, जबकि अमेरिका, चीन और यूरोपीय देश अपने छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट को लेकर जो बातें कर रहे हैं, वो जमीनी स्तर पर नजर नहीं आती हैं, इससे पता चलता है कि उनकी महत्वकांक्षाओं और वास्तविकता के बीच कितना फर्क है।

छठी पीढ़ी के विमान बेंचमार्क पर लड़खड़ाते दिख रहे

भारत का एएमसीए 27 टन के साथ उड़ान भरने में सक्षम

एएमसीएम में डेटा फ्यूजन और एआई जैसी क्षमताएं



### फंक्शनल वैरिएबल साइकिल इंजन भी नहीं बना पाए

*अधिकारी ने कहा कि छठी पीढ़ी हथियार विकसित करने के लिए अमेरिका और चीन की चर्चा सबसे ज्यादा है, जो लंबी दूरी की क्षमताओं का वादा करते हैं, लेकिन वे उस बेंचमार्क पर लड़खड़ाते हुए नजर आ रहे हैं। वह अभी तक फंक्शनल वैरिएबल साइकिल इंजन (वीसीई) का प्रदर्शन नहीं बना सके हैं, जो छठी पीढ़ी लड़ाकू विमानों के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। वीसीई को छठी पीढ़ी प्रोपल्शन का अहम हिस्सा माना जाता है, जो हमला करने के लिए हवा के प्रवाह को गतिशीलता के साथ समायोजित करता है। इससे उसकी अटैक रेंज 30 पर्सेंट तक बढ़ जाती और सुपीरियर थर्मल मैनेजेंट भी कर सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन में से कोई भी एक फंक्शनल वीसीई का प्रदर्शन नहीं कर सका है।*

**बड़े देश पुराने इंजनों के साथ उड़ान भर रहे**

उन्होंने कहा कि अमेरिका अब तक एक्सए 100 की टेस्टिंग कर रहा है, जबकि चीन तो अपने पांचवी पीढ़ी के जे-20 के डब्ल्यूएस-15 इंजन में ही उलझा हुआ है तो छठीं पीढ़ी के विमानों की बात ही छोड़िए। उन्होंने कहा कि ये देश पुराने इंजनों के साथ उड़ान भर रहे हैं। भारत का 5.5 पीढ़ी वाला एएमसीए 2028 तक अपनी पहली फ्लाइट भर लेगा। अमेरिका ने साल 2020 में नेक्स्ट जेनरेशन एयर डोमिनेंस (एनजीएडी) प्रोग्राम के तहत एक प्रोटोटाइप की उड़ान भरी थी, जिसे नेक्स्ट जेनरेशन एयरक्राफ्ट का बताया गया था। हालांकि, उसके इंजन की डिटेल्स अभी तक सामने नहीं आई हैं।

### विकसित देशों की बातें हवा-हवाई

उधर, चीन के छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट की चर्चा पिछले साल तब शुरू हुई थीं, जब उसने एक उड़ान भरते हुए लड़ाकू विमान का वीडियो जारी किया था, जिसमें टेल नहीं थी। इसके बाद चर्चा शुरू हो गई कि वह नेकस्ट जेनरेशन एयरक्राफ्ट तैयार कर रहा है। यूरोपीये देशों में भी छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट की होड़ लगी है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और स्पेन मिलकर इस काम में जुटे हुए हैं। ब्रिटेन के ग्लोबल कॉम्बैट एयर प्रोग्राम (जीसीएपी) और फ्रैंको-जर्मन-स्पेनिश फ्यूचर कॉम्बैट एयर सिस्टम (एफसीएएस) छठी पीढ़ी के वीसीई को मिलकर विकसित कर रहे हैं। अधिकारी का कहना है कि छठी पीढ़ी के विमानों के निर्माण को लेकर विकसित देशों की बातें हवा-हवाई प्रतीत होती हैं। इन देशों के छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट एएमसीए जितने क्षमतावान और समर्थ नहीं होंगे। ये न तो 27 टन के साथ उड़ान भरने में सक्षम होंगे और न ये डेटा फ्यूजन और आर्टिफिशिएल इंटेलीजेंस (एआई) जैसी क्षमताओं से सुसज्जित होंगे, जो पहले से ही हमारे रोडमैप का हिस्सा हैं।

## खबर संक्षेप

### बाल मंत्री थोर्सडॉटिर का इस्तीफा मंजूर

**लंदन।** आइसलैंड के राष्ट्रपति ने उत्तरी अटलांटिक द्वीप राष्ट्र की



शिक्षा एवं बाल मामलों की मंत्री एस्थिल्डुर लोआ थोर्सडॉटिर का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। 58 वर्षीय थोर्सडॉटिर ने हाल ही में स्वीकार किया कि जब वह 23 वर्ष की थीं, तब उन्होंने एक 15 वर्षीय लड़के के साथ संबंध बनाए थे, जिससे एक संतान भी हुई। उस दौरान बच्चे का पिता 16 वर्ष का था। पिछले सप्ताह राष्ट्रीय प्रसारक आरयूवी इसका खुलासा किया।

### पीएम हान के खिलाफ महाभियोग खारिज

**सियोल।** राजनैतिक गतिरोध का सामना कर रहे दक्षिण कोरिया में



पीएम हान के खिलाफ महाभियोग खारिज कर दिया गया है। साथ ही उन्हें कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में बहाल कर दिया गया है। दक्षिण कोरिया की संवैधानिक अदालत ने सोमवार को यह फैसला सुनाया। बता दें, राष्ट्रपति यून सुक येओल पर 3 दिसंबर को देश में मार्शल लॉ लगाने के उनके फैसले के कारण नेशनल असेंबली द्वारा महाभियोग लगाया था। जिसके बाद उन्हें सत्ता से निलंबित कर दिया गया था।

## विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसदीय सलाहकार समिति के समक्ष दी जानकारी

# पीएम मोदी से मिलना चाहते हैं यूनुस, बिम्सटेक सम्मेलन में द्विपक्षीय वार्ता का किया है अनुरोध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार अब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच आगामी बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में द्विपक्षीय बैठक के लिए बांग्लादेश की अपील पर विचार कर रही है। यह जानकारी विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक संसदीय समिति की बैठक में सभी सदस्यों को दी है। सूत्रों ने बताया कि विदेश मामलों की संसदीय सलाहकार समिति की शनिवार को इस वर्ष की पहली बैठक में कई सांसदों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों पर चिंता जताई और पूछा कि भारत इस संबंध में क्या कदम उठा रहा है। तब जयशंकर ने सदस्यों को बताया कि ढाका की अंतरिम सरकार ने दावा किया है कि हिंदुओं पर हमले 'राजनीति से प्रेरित' थे और 'अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर' नहीं किए गए थे। जयशंकर से जब पूछा गया कि क्या बिम्सटेक बैठक में पीएम मोदी की यूनुस से द्विपक्षीय बातचीत होने के आसार हैं? इस पर विदेश मंत्री ने कहा कि युनूस का अनुरोध विचाराधीन है। बैठक में इससे पूर्व विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने भारत के बांग्लादेश, म्यांमार, मालदीव और श्रीलंका से संबंधों पर एक विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया।

बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग ले सकते हैं पीएम मोदी

*भारत बिम्सटेक को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है*

### भारत सरकार अंतरिम सरकार के समक्ष मुद्दे उठा रही



कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल, मनीष तिवारी, मुकुल वासनिक और शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी समेत कई दलों के सांसदों ने बैठक में बांग्लादेश में हिंदुओं पर



अत्याचार और उसे रोकने के संबंध में उठाए जाने के मुद्दे को जोरशोर से उठाया। इस पर जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार विभिन्न स्तरों पर बांग्लादेश के अंतरिम प्रशासन से संपर्क जारी है और इन मुद्दों को उठाया गया है। सरकार आगे भी ऐसा करना जारी रखेगी। इस बैठक में कमोबेश सभी सांसदों ने बांग्लादेश के मुद्दे को भी चर्चा का मुख्य बिंदु बनाए रखा।

### सार्क से ज्यादा प्रभावी होगा बिम्सटेक

भारत बिम्सटेक को दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच एक मजबूत आर्थिक और रणनीतिक गठजोड़ के रूप में विकसित कर रहा है। यह सार्क की तुलना में अधिक प्रभावी क्षेत्रीय संगठन बनने की ओर बढ़ रहा है। वहीं, शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता बनी हुई है। अंतरिम सरकार भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना चाहती है। बता दें कि भारत बांग्लादेश में स्थिरता और लोकतंत्र को मजबूत करने के पक्ष में है,लेकिन, भारत यह भी सुनिश्चित करना चाहता है कि बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतें हावी न हों।

**पाकिस्तान की वजह से सार्क निष्क्रिय**

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के रवैये के कारण सार्क/दक्षेस (दक्षिण एशिया सहयोग संगठन) निष्क्रिय है और इसलिए भारत बिम्सटेक (बहुक्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने संकेत दिया कि पीएम मोदी दो से चार अप्रैल तक बैंकॉक में आयोजित होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग ले सकते हैं, लेकिन बैठक में उन्होंने अपनी यात्रा की पुष्टि नहीं की। उन्होंने कहा कि वह बाद में पाकिस्तान और चीन के बारे में अलग से बात करेंगे।

### पीएम मोदी श्रीलंका दौरे पर जाएंगे

*पीएम मोदी ने सांसदों को बांग्लादेश, मालदीव, म्यांमार और श्रीलंका के साथ संबंधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी अगले महीने श्रीलंका की यात्रा पर भी जा रहे हैं। कुछ सांसदों ने पाकिस्तान व म्यांमार में नशीली दवाओं और हथियारों की तस्करी पर भी सवाल किए। बता दें, बांग्लादेश में 5 अगस्त 2024 को तत्कालीन पीएम शेख हसीना सरकार का तख्तापलट करने के बाद मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने सत्ता संभाली है और तब से लगातार अल्पसंख्यक हिंदुओं का संहार बांग्लादेश में जारी है और पाकिस्तान की शह पर वहां भारत विरोधी वातावरण तैयार किया जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले कुछ महीनों में बांग्लादेश में सैंकड़ों हिंदुओं की हत्या की गई है।*

## कठुआ मुठभेड़ पर बोले सीएम अब्दुल्ला

# लोगों के सहयोग के बगैर आतंकवाद को समाप्त नहीं किया जा सकता



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने आतंकवाद को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों के सहयोग के बिना जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद को खत्म नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को सहयोग दे रही है। विधानसभा में दिन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सीएम ने संवाददाताओं से कहा कि हालांकि यह (सुरक्षा) सीधे तौर पर हमारी जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन मैं बार-बार कह रहा हूं कि लोगों के सहयोग के बिना आतंकवाद को समाप्त नहीं किया जा सकता। हमारी सरकार स्थिति को नियंत्रण में रखने और शांति बनाए रखने के लिए उपराज्यपाल का भी सहयोग कर रही है।

### सीमावर्ती गांवों में अभियान जारी

सीएम ने कहा कि अभियान सीमावर्ती गांव में चल रहा है और संभव है कि वे सीमा पार से आए हों। उन्होंने कहा कि इस पर अभी कोई बयान देना जल्दबाजी होगी। आतंकवादियों द्वारा कठुआ और बिलावर को बार-बार निशाना बनाए जाने के बारे में पूछे जाने पर सीएम ने कहा कि जम्मू क्षेत्र के कई इलाकों में पिछले कुछ वर्षों में आतंकवादी गतिविधियां देखी गई हैं, जैसा कि हमने राजौरी, पुंछ और कई अन्य इलाकों में देखा है। बता दें, जम्मू के कठुआ जिले में रविवार देर शाम आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हो गई। जिले में घने जंगलों में आतंकवादियों के खिलाफ चल रही सर्च ऑपरेशन दूसरे दिन भी जारी रही। पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात के नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने अतिरिक्त कमांडो, ड्रोन और स्निफर डॉग्स की मदद से ऑपरेशन को और तेज किया है।

### मौके पर पहुंचे एनएसजी कमांडो

जंगल की आड़ में छिपे आतंकियों पर कार्रवाई करने के लिए एनएसजी कमांडो को लाया गया है। हीरानगर के सन्याल में पांच आतंकियों को देखे जाने के बाद सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान शुरू किया था। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, दो समूहों में पांच से छह आतंकवादी शनिवार को घुसपैठ कर सकते हैं। गांव की महिलाएं लकड़ी इकट्ठा करने के दौरान आतंकवादियों को देख चुकी हैं। कठुआ जिला पिछले एक साल से पाकिस्तान आधारित आतंकवादियों के लिए एक प्रमुख घुसपैठ मार्ग बन गया है। इस क्षेत्र में हाल के महीनों में कई आतंकवादी हमले हुए हैं।

## इजराइली सेना का गाजा में हमला

# अस्पताल के अंदर रह रहे हमास के दो प्रमुख कमांडरों को मारा

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइली रक्षा बलों ने गाजा के नासिर अस्पताल में हमला करके दो प्रमुख हमास कमांडर को मार डाला। इजराइली रक्षा बल ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि गाजा में नासिर अस्पताल के अंदर से काम कर रहे दो प्रमुख हमास कमांडरों को मारा गया। यह हमला खुफिया जानकारी जुटाने के बाद सटीक हथियारों के साथ किया गया था। इजराइली सेना ने हमास पर नागरिक स्थलों का ढाल के रूप में उपयोग करने का आरोप लगाया। सेना ने कहा कि हमास गाजा की आबादी को खतरे में डालकर नागरिक बुनियादी ढांचे का दोहन करता है। एक अस्पताल का उपयोग घातक हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए आश्रय के रूप में करता है।

### नेतन्याहू के खिलाफ बढ़ रहा असंतोष, गृह युद्ध की आशंका

इजराइल देश में अब गृह युद्ध की आशंका है। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू नीत सरकार के खिलाफ लोग बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। ताजा घटनाक्रम में इजराइली सुप्रीम कोर्ट के एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने गृहयुद्ध की चेतावनी दी है। अगर इजराइली सरकार देश के शीर्ष कानूनी और सुरक्षा अधिकारियों को हटाने पर



अड़ी रहेगी तो सांविधानिक संकट पैदा हो सकता है। बता दें कि पीएम नेतन्याहू ने पिछले सप्ताह शिन बेट (आंतरिक सुरक्षा सेवा) के प्रमुख रोनेन बार को बर्खास्त करने का ऐलान कर चुके हैं। उन्होंने इस कदम को उठाने के पीछे हमास के 7 अक्तूबर, 2023 के हमलों को रोकने में विफलता के कारण का हवाला दिया।

### अटॉर्नी जनरल को बर्खास्त करने की प्रक्रिया शुरू

नेतन्याहू की सरकार ने अटॉर्नी जनरल को बर्खास्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। उन पर आरोप लगाया गया है कि वे सरकार के एजेंडे में बाधा डाल रहे हैं। यह सब ऐसे समय में हो रहा है जब शिन बेट नेतन्याहू के कार्यालय में संभावित घुसपैठ की जांच कर रही है। नेतन्याहू पर भ्रष्टाचार का मुकदमा भी चल रहा है। ऐसे में सरकार और न्यायपालिका के बीच टकराव के कारण इजराइल में तनाव बढ़ने का खतरा है।

## रिपलिंग के शंकर ने पत्नी पर लगाए आरोप

# बेटे का किया अपहरण, उसके अवैध संबंध भी, तलाक के लिए बड़ी राशि मांग रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चेन्नई के टेक आंत्रप्रेन्योर प्रसन्ना शंकर इन दिनों चर्चा में हैं। हाल के दिनों में उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी कहानी को साझा किया है। इंजीनियर ने अपनी पत्नी पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने एक पोस्ट में दावा किया कि वह अपनी पत्नी से अलग रह रहे हैं। उनका कहना है कि उनकी पत्नी अब तलाक के लिए एक बड़ी राशि की डिमांड कर रही हैं। शंकर ने यह भी दावा किया कि उनकी पत्नी चेन्नई पुलिस के साथ मिलकर उन्हें परेशान कर रही है। शंकर सिंगापुर बेस्ड क्रिप्टो सोशल नेटवर्क पीपीएलडॉटकॉम के संस्थापक हैं। इससे पहले वह रिपलिंग नाम की एक कंपनी की भी स्थापना



कर चुके हैं। प्रसन्ना ने बताया कि पत्नी के अवैध संबंधों के बारे में पता चला तो उल्टा उनकी पत्नी ने उन पर घरेलू हिंसा और प्रताड़ना का आरोप लगा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि झूठी पुलिस शिकायत दर्ज कराई गई। पत्नी ने भारत की बजाय अमेरिका में तलाक की अर्जी दी। कहा कि उनकी पत्नी ने उनके 9 साल के बेटे के अमेरिका में छुपाए रखा। इसी वजह से उन्होंने अपनी पत्नी के खिलाफ किडनैपिंग का मामला दर्ज कराया। बाद में अमेरिकी अदालत ने प्रसन्ना के पक्ष में फैसला सुनाया था।

## कनाडा में 28 अप्रैल को होंगे आम चुनाव

# पीएम बोले- ट्रंप से निपटने मजबूत जनादेश दें, टैरिफ वार बड़ा खतरा

एजेंसी ▶▶ टोरंटो

कनाडा में आम चुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए देश के नए पीएम मार्क कार्नी और उनके प्रतिद्वंद्वी एवं कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पियरे पोलीवरे ने रविवार को कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए। ट्रंप की ओर से कनाडा की संप्रभुता को पैदा किए गए खतरे और व्यापार युद्ध की आशंका की पृष्ठभूमि में दोनों ने यह बयान दिया है। कार्नी ने घोषणा की कि 28 अप्रैल को मतदान से पहले पांच सप्ताह तक चुनाव प्रचार अभियान चलेगा। उन्होंने कहा कि वो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से निपटने के लिए मजबूत जनादेश चाहते हैं।

### ईयू के साथ किया व्यापार समझौता

कार्नी ने बताया कि उन्होंने पीएम पद की शपथ लेने के बाद ऑस्ट्रेलिया के साथ नए राष्ट्रीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए, फ्रांस और ब्रिटेन के साथ संबंधों को मजबूत करने का काम किया, यूरोपीय यूनियन के साथ नए व्यापार समझौते पर चर्चा शुरू की। आज युवाओं को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, लेकिन फिर भी उन्हें किराया देने और अपने बच्चों के लिए बचत करने में दिक्कत होती है। उन्होंने कहा कि मुझे पता था कि अमेरिकियों से लड़ने, ट्रंप के टैरिफ से निपटने और कनाडा की अर्थव्यवस्था को ठीक करने के लिए हमारे देश को एक्शन लेने की जरूरत है।






## दिल्ली की भाजपा सरकार आज पेश करेगी अपना पहला बजट

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत दिल्ली सरकार मंगलवार को विधानसभा में अपना पहला बजट पेश करेगी, जिसमें यमुना नदी की सफाई, बुनियादी ढांचा विकास और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने जैसे चुनावी वादों को लागू करने के लिए धन का प्रावधान किया जाएगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को बजट सत्र शुरू होने से पहले 'विकसित दिल्ली' की 'मिठास' के प्रतीक के रूप में 'खीर' समारोह का आयोजन किया। सरकारी सूत्रों ने बताया कि विधानसभा में पेश होने वाला 2025-26 का बजट 80,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर सकता है। विपक्ष की नेता और पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने बजट पेश किए जाने से एक दिन पहले आर्थिक सर्वेक्षण पेश नहीं करने के लिए रेखा गुप्ता सरकार की आलोचना की। उन्होंने खीर समारोह पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बजट खीर से नहीं अर्थव्यवस्था के हिसाब से बनाएं।



बजट 80,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर सकता है

## सऊदी अरब में यूक्रेन जंग रोकने को लेकर अमेरिका-रूस ने की दोबारा बातचीत

# शांति व सुरक्षा को मजबूत करने की कर रहे पैरवी

एजेंसी ▶▶ रियाद

यूक्रेन जंग रोकने को लेकर सऊदी अरब के रियाद में अमेरिका और रूस की बैठक जारी है। इससे पहले अमेरिकी अधिकारियों ने यूक्रेन के प्रतिनिधियों से बातचीत की थी। दोनों अधिकारियों ने पावर प्लांट्स की सुरक्षा से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा की। अमेरिका यूक्रेन को पहले ही प्रस्ताव दे चुका है कि वह पावर प्लांट्स (ऊर्जा ठिकानों) की सुरक्षा के लिए उन्हें अमेरिका को सौंप दे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने एक बयान में बताया कि बातचीत काफी उपयोगी रही। यूक्रेन के रक्षामंत्री रुसतेम उमेरोव के मुताबिक इस बातचीत का मकसद जल्द शांति और सुरक्षा को मजबूत करना है।

### काला सागर में जहाजों की सुरक्षा पर चर्चा



यूक्रेन जंग के मुद्दे पर अमेरिका और रूस के अधिकारियों के बीच जारी बैठक में ब्लैक सी (काला सागर) में जहाजों की सुरक्षा के मुद्दे पर बात हुई। अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकोफ ने यह जानकारी दी। इससे पहले पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बातचीत की थी। इस दौरान ट्रंप ने दोनों नेताओं से एक-दूसरे के ऊर्जा ठिकानों पर हमले न करने के लिए कहा था। हालांकि, इस बातचीत में स्पष्टता की कमी की वजह से यह समझौता लागू नहीं हो पाया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25